उज्जैन
गुरुवार
13
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-281
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 फर्जी गवाहों में एक टीआई डिमोट, दूसरे पर कार्रवाई नहीं
7 रोहित शर्मा होस्ट के तौर पर टीवी पर डेब्यू करेंगे

## एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी को मारने की धमकी, 10 करोड़ की फिरौती की मांग

**मुंबई।** एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी ने दावा किया है कि उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने इस बारे में मुंबई पुलिस कमिश्नर देवेन भारती और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जानकारी दी है। जीशान पहले भी अंडरवर्ल्ड से जान से मारने की धमकी मिलने का दावा कर चुके हैं। 22 अप्रैल 2025 को उन्हें ईमेल के जरिए धमकी मिली थी। पुलिस के मुताबिक, ईमेल में उनके पिता की तरह ही उन्हें मारने की धमकी और 10 करोड़ रुपए की मांग की गई थी। 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई में तीन हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी पर गोली चलाई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

## अमेरिका-भारतीय मूल के लड़के पर मां-भाई की हत्या का आरोप

**मैसाचुसेट्स।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य में भारतीय मूल के 17 वर्षीय अर्जुन अरविंद पर अपनी मां और छोटे भाई की हत्या का आरोप लगा है। पुलिस ने उसे बुधवार सुबह गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक, उसने अपनी 45 वर्षीय मां सुधा वेंकटेशन और 14 वर्षीय भाई सिद्धार्थ अरविंद की हत्या की। उसके खिलाफ हत्या के दो मामलों के अलावा परिवार के सदस्यों पर हमला, मारपीट और बिना इजाजत मां की कार लेकर फरार होने समेत कई अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। जांच के दौरान सामने आया कि अर्जुन पिछले कुछ समय से इंटरनेट और चैट जेपीटी पर अपने परिवार की हत्या से जुड़ी काल्पनिक कहानियां और ऐसे विषयों पर जानकारी खोज रहा था।

## केरल का नाम बदलकर केरलम करने का रास्ता साफ राज्यसभा में विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** केरल का आधिकारिक नाम बदलकर केरलम करने की दिशा में संसद की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। राज्यसभा ने बुधवार को केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले मंगलवार को लोकसभा ने भी इस विधेयक को बिना चर्चा के मंजूरी दे दी थी। विधेयक के पारित होने के साथ ही संविधान की पहली अनुसूची में दर्ज राज्य के नाम को केरल से बदलकर केरलम करने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत आगे की औपचारिकताओं के बाद ही नाम परिवर्तन प्रभावी होगा। राज्यसभा में विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि राज्य का नाम केवल किसी भौगोलिक क्षेत्र की पहचान बदलने तक सीमित विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि मलयालम भाषा में केरलम शब्द राज्य की संस्कृति, सभ्यता और लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है।

## एयरटेल ने बंद किए 4 प्रीपेड प्लान, अब 299 की जगह देना होगा 349 का रिचार्ज

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों को बड़ा झटका देते हुए 299 रुपये समेत चार प्रीपेड रिचार्ज प्लान बंद कर दिए हैं। कंपनी ने 12 अगस्त 2026 से 299 रुपये, 579 रुपये, 619 रुपये और 649 रुपये वाले प्लान को पूरे देश में उपलब्ध विकल्पों से हटा दिया है। इन प्लान के बंद होने के बाद ग्राहकों को संबंधित श्रेणियों में अब ज्यादा कीमत वाले रिचार्ज प्लान का विकल्प चुनना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नए विकल्प पुराने प्लान की तुलना में करीब 5 से 16 प्रतिशत तक महंगे हैं। सबसे बड़ा बदलाव 299 रुपये वाले प्रीपेड प्लान में देखने को मिला है। इस प्लान में ग्राहकों को 28 दिनों की वैधता के साथ प्रतिदिन 1.5जीबी डेटा मिलता था। अब इस कीमत वाले पैक के हटने के बाद ग्राहकों के सामने अगला प्रमुख विकल्प 349 रुपये का प्लान है। यानी 299 रुपये के मुकाबले अब ग्राहक को 50 रुपये अधिक खर्च करने होंगे।

## नितिन गडकरी ने 135 किलो से घटाया वजन 89 किलो तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वजन कम करने का सफर इन दिनों चर्चा में है। कभी करीब 135 किलोग्राम वजन वाले गडकरी ने अपने वजन में लगभग 46 किलोग्राम की कमी की है और अब उनका वजन करीब 89 किलोग्राम बताया गया है। गडकरी ने अपने इस बदलाव को किसी त्वरित उपाय या दिखावे से जोड़ने के बजाय जीवनशैली में आए बड़े परिवर्तन का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने से उन्हें इस बदलाव में मदद मिली। गडकरी ने एक बातचीत के दौरान अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य से जुड़े अनुभव साझा किए थे। फिल्म निर्माता फराह खान द्वारा साझा किए गए यूट्यूब वीडियो में उन्होंने बताया कि उनका कामकाजी जीवन बेहद व्यस्त रहता है।

## जेल में प्रज्वल रेवन्ना के फोन से मिले 90 पोर्न-वीडियो

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल फोन में 90 पोर्न वीडियो मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब्त फोन की फोरेंसिक जांच की जा रही है। जांचकर्ता डिवाइस में मौजूद सभी वीडियो फाइल, तस्वीरों और दूसरे डिजिटल डेटा की जांच कर रहे हैं। जांच में पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि सामग्री कहां से आई, कब डाउनलोड की गई और रेवन्ना से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही में इसका कोई संबंध है या नहीं। अब फोन मिलने के बाद नई एफआईआर दर्ज की गई है।

### शहर के कंठाल से बड़ा सराफा मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान पोल शिफ्टिंग का कार्य अब रहवासियों और भवन मालिकों के लिए बनता जा रहा परेशानी का कारण

# बिल्डिंग के सेंटर में पोल, शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर के कंठाल से बड़ा सराफा मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान पोल शिफ्टिंग का कार्य अब रहवासियों और भवन मालिकों के लिए परेशानी का कारण बनता नजर आ रहा है। चौड़ीकरण के लिए नागरिकों द्वारा अपनी जमीन और घर का हिस्सा बिना किसी विरोध के प्रशासन को उपलब्ध कराने के बावजूद पोल शिफ्टिंग में बरती जा रही लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी है।

बताया जा रहा है कि चौड़ीकरण के बाद विद्युत पोल को निर्धारित स्थान पर शिफ्ट करने के बजाय एक भवन के सेंटर में ही पोल खड़ा कर दिया गया है। इससे भवन के उपयोग, आवागमन और भविष्य में निर्माण कार्य को लेकर परेशानी की स्थिति पैदा हो गई है। संबंधित भवन मालिक द्वारा मामले की शिकायत अधिकारियों से किए जाने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

### महाकाल की सवारी से पहले कमरी मार्ग तैयार, कंठाल चौराहा अब भी अधूरा

- महाकाल की पहली सवारी से पहले नगर निगम ने कमरी मार्ग चौराहे का निर्माण कार्य महज आठ दिनों में पूरा कर लिया है। वहीं शहर के महत्वपूर्ण कंठाल चौराहे का काम डेढ़ माह बीतने के बाद भी अधूरा है। चौड़ीकरण और मंदिरों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में देरी के चलते मुख्य निर्माण कार्य की गति धीमी बनी हुई है।
- कंठाल चौराहा शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है और यहां से महाकाल मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर सवारी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। ऐसे में आगामी 7 सितंबर को प्रस्तावित महाकाल की राजसी सवारी से पहले चौराहे का निर्माण पूरा करना नगर निगम और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।
- कमरी मार्ग चौराहे का कार्य कम समय में पूरा होने के बाद अब लोगों की नजर कंठाल चौराहे पर है। रहवासियों और व्यापारियों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और सवारी के दौरान भीड़ प्रबंधन में भी आसानी होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन कंठाल चौराहे का शेष कार्य समय सीमा में पूरा कर पाता है या नहीं।

### जमीन दी, सहयोग किया

कंठाल से बड़ा सराफा क्षेत्र के चौड़ीकरण के दौरान कई भवन मालिकों और रहवासियों ने शहर के विकास और सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन का सहयोग किया। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने अपनी जमीन और घर का हिस्सा बिना किसी विरोध के उपलब्ध कराया, ताकि सड़क चौड़ी हो सके और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर हो। इसके बावजूद निर्माण और पोल शिफ्टिंग के दौरान यदि इसी तरह की अव्यवस्था सामने आती है तो नागरिकों की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पोल की स्थिति को लेकर संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन शिकायत के बावजूद मौके पर जाकर स्थिति का उचित समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि यदि पोल को भवन के बीच में ही रखा जाता है तो भविष्य में सुरक्षा और उपयोगिता से जुड़े कई सवाल खड़े हो सकते हैं।

### जिम्मेदार विभाग से मौके का निरीक्षण कराने की मांग

रहवासियों और भवन मालिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कर पोल की स्थिति की जांच की जाए तथा यदि पोल गलत स्थान पर स्थापित हुआ है तो उसे निर्धारित और सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए। साथ ही चौड़ीकरण कार्य से प्रभावित नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए। नागरिकों का कहना है कि शहर के विकास कार्यों में जनता का सहयोग तभी सार्थक होगा, जब प्रशासन भी प्रभावित लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी दिखाए। चौड़ीकरण के लिए नागरिकों द्वारा किए गए सहयोग के बाद अब प्रशासन से भी कॉपोरेटिव रवैया अपनाते हुए समस्या का स्थायी समाधान करने की अपेक्षा है।

### वाहन चलाकों और ठेले वालों की मनमानी से फ्रीगंज बेहाल

## प्रमुख मार्गों पर दिनभर कई बार जाम की स्थिति

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नगर निगम ने वर्षों बाद फ्रीगंज मुख्य बाजार से समानांतर लगने वाली अवैध सब्जी मंडी को सख्ती से हटाकर दुकानों के सामने चौड़ी सड़क दिखाई देने लगी थी। कार्रवाई की सराहना भी हुई, लेकिन यातायात व्यवस्था में अपेक्षित सुधार अब भी नजर नहीं आ रहा है। अमरसिंह मार्ग, कमला नेहरू मार्ग सहित फ्रीगंज के कई प्रमुख मार्गों पर दिनभर कई बार जाम की स्थिति बन रही है।

इसकी प्रमुख वजह सड़कों और चौराहों पर बेतरतीब खड़े सब्जी-फल के ठेले और बीच सड़क में पार्क किए जाने वाले वाहन बताए जा रहे हैं। नियमों के अनुसार हाथठेला विक्रेताओं को घूम-घूमकर व्यवसाय करना चाहिए, लेकिन कई स्थानों पर ठेले स्थायी रूप से सड़क किनारे जम गए हैं। दुर्गा प्लाजा, कमला नेहरू मार्ग, शहीद पार्क, श्री गंगा होटल और गुरुद्वारा चौराहा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित दिखाई देती है।



### कई चालक तो सड़क के बीचों बीच खड़े रहे अपना वाहन

दुर्गा प्लाजा से जैन नमकीन और आगे के चौराहे से शहीद पार्क तक कई वाहन चालक सड़क के बीच तक चारपहिया वाहन खड़े कर देते हैं। कई बार वाहन चालक अंदर बैठे रहते हैं और उनके कारण दूसरे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। इससे सड़क की उपलब्ध चौड़ाई कम हो जाती है और कुछ ही देर में जाम की स्थिति बन जाती है।
यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से विद्यार्थी, मरीज और उनके परिजन सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। कई लोगों को जाम से बचने के लिए लंबा रास्ता अपनाना पड़ता है, जबकि कई लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहते हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम और यातायात पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई कर मुख्य सड़कों और चौराहों को अतिक्रमण व बेतरतीब पार्किंग से मुक्त करना चाहिए। तभी फ्रीगंज की यातायात व्यवस्था सुधरेगी और स्मार्ट सिटी का सपना जमीन पर दिखाई देगा।

## अब एमपी में 24 घंटे खुल सकेंगी दुकानें- होटल और मॉल

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्य प्रदेश में अब दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और दूसरे व्यावसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे और सातों दिन खुले रखे जा सकेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्य प्रदेश कार्यस्थल सशक्तिकरण संहिता (श्रम शक्ति संहिता), 2026 को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि कर्मचारियों से लगातार दिन-रात काम कराया जाएगा। कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट में लगानी होगी और तय समय के बाद शिफ्ट बदलनी होगी। नई व्यवस्था में कर्मचारी के काम के घंटे तय रहेंगे। एक सप्ताह में कर्मचारी से अधिकतम 48 घंटे काम कराया जा सकेगा। अतिरिक्त काम के लिए कर्मचारी की सहमति जरूरी होगी और ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के मुताबिक करना होगा।

## जयपुर में बारिश से जाम पेड़ गिरे, बस पलटी

### उत्तराखंड के देहरादून-टिहरी में लैंडस्लाइड

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

उत्तरी बंगाल की खाड़ी में भी वेदर सिस्टम बनने से बुधवार को 20 राज्यों में अच्छी बारिश हुई। उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश में निम्न दबाव और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। इनके चलते अगले 4 दिनों तक मध्य प्रदेश, यूपी, राजस्थान समेत 15 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान के 5 से ज्यादा राज्यों में बुधवार को तेज बारिश दर्ज की गई। जयपुर में बुधवार को 4 घंटे से ज्यादा समय बारिश हुई। पानी से भरे गड्ढे के कारण बस पलट गई। बारिश और पेड़ गिरने से करीब सात घंटे तक शहर के ज्यादातर हिस्सों में ट्रैफिक जाम लगा रहा। उत्तराखंड के देहरादून-मसूरी मार्ग पर लैंडस्लाइड के बाद मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे दोनों ओर करीब 10 किमी लंबा जाम लग गया। टिहरी में लैंडस्लाइड से एनएच-707ए पर पीपलडाली के पास कई वाहन फंस गए। यात्रियों को परेशानी हुई। राज्य के 9 जिलों में 67 सड़कें बंद हैं। मध्य प्रदेश के कई जिलों में लगातार चार दिनों से तेज बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश में बारिश से 204 सड़कें बंद पड़ी है।

**हिमाचल प्रदेश में बारिश से 204 सड़कें बंद पड़ी**

## कॉलोनियों में बेलगाम दौड़ रहे अवैध वॉटर सप्लाई वाहन, जिम्मेदार मौन

### कई वाहन बिना नंबर के तेज गति से दौड़ रहे और इनमें से कुछ को नाबालिग चालक भी चला रहे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में पानी की सप्लाई करने वाले वाहन इन दिनों यातायात और सुरक्षा के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। आरोप है कि कई वाहन बिना नंबर के तेज गति से दौड़ रहे हैं और इनमें से कुछ को नाबालिग चालक भी चला रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कॉलोनियों की संकरी सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते इन वाहनों के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यदि बिना नंबर वाला वाहन किसी दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाए तो उसकी पहचान और तलाश करना भी पुलिस के लिए चुनौती बन सकती है।

वहीं सवाल यह भी उठ रहा है कि इन वाहनों के संचालकों के पास जल परिवहन अथवा पानी सप्लाई से संबंधित आवश्यक अनुमति और दस्तावेज हैं या नहीं। रहवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग यदि इन वाहनों की जांच करे तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।

### दुर्घटना के बाद जागेगा प्रशासन?

रहवासियों का कहना है कि नाबालिगों से वाहन चलवाना, बिना नंबर के वाहन दौड़ाना और तेज रफ्तार में पानी की सप्लाई करना गंभीर सुरक्षा चिंता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।
लोगों ने यातायात पुलिस और संबंधित विभाग से बिना नंबर वाले वाहनों, चालकों की उम्र, वाहन दस्तावेज और पानी सप्लाई से संबंधित अनुमति की जांच कराने की मांग की है, ताकि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते हादसे को रोका जा सके।
सवाल यही है—क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं?

## रिपोर्ट- ईरान को पता था ट्रम्प तुर्किए में कहां रुके, फ्लोर तक की जानकारी थी

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

तुर्किये में नाटो समिट के दौरान ईरानी एजेंटों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ठिकाने की जानकारी मिल गई थी। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी एजेंटों को ट्रम्प के ठहरने वाली बिल्डिंग ही नहीं, बल्कि उनके फ्लोर तक का पता था। अमेरिकी इंटेलिजेंस ने इसे ट्रम्प की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उनका ट्रेवल प्लान बदलकर दूसरे विमान से रवाना किया। 11 अगस्त को ट्रम्प ने भी इस घटना की पुष्टि की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिस विमान से वे तुर्किये पहुंचे थे, उसी पर हमले का सबसे ज्यादा खतरा था। ट्रम्प ने बताया कि उन्हें एयरपोर्ट के केटरिंग ट्रक में बैठाकर चुपचाप दूसरे विमान तक ले जाया गया।

## कटे पेड़ों में फिर लौटी हरियाली, नई कोंपलों ने जगाई उम्मीद

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

लक्ष्मीनगर-देसाईनगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान काटे गए वर्षों पुराने पेड़ों के ठूंठों से नई कोंपलें निकल आई हैं। मौके के निरीक्षण में पीपल और विशाल बायोबाब के पेड़ में हरियाली दिखाई दी, जिससे इनके जीवित होने का प्रमाण मिला है।

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते इन पेड़ों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्स्थापित किया जाए तो इन्हें बचाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षित स्थान, तकनीकी विशेषज्ञता और आवश्यक संसाधनों की जरूरत है। हरियाली अमावस्या पर अपील है कि नए पौधे लगाने के साथ इन जीवित बचे पेड़ों को भी बचाने की पहल की जाए।

## दिवासा : पुरखों के स्मरण और प्रकृति के प्रति आभार का पर्व

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जनजातीय समाज की संस्कृति प्रकृति, परंपरा और पूर्वजों के सम्मान से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी गौरवशाली परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व दिवासा है। यह पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पुरखों के स्मरण, उनके प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

दिवासा पर गांव-गांव में परिवार और समाज के लोग ग्राम देवता एवं पूर्वजों का स्मरण करते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों से पूजा-अर्चना करते हैं। परिवार और गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी फसल तथा खुशहाली की कामना की जाती है।

इस पर्व में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार और पूर्वजों की धरोहर माना जाता है। इसलिए दिवासा प्रकृति के संरक्षण और उसके साथ संतुलित जीवन जीने का संदेश भी देता है। पर्व के दौरान बुजुर्ग नई पीढ़ी को पुरखों की परंपराओं, लोक मान्यताओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराते हैं। इससे पीढ़ियों से चली आ रही मौखिक परंपराएं और संस्कृति आगे बढ़ती हैं। दिवासा समाज में एकता, भाईचारे और पारस्परिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। आधुनिकता के दौर में बदलती जीवनशैली के बीच ऐसे पर्व जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान और विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पार्श्वनाथ सिटी में बिजली संकट से रहवासी परेशान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर की प्रमुख कॉलोनियों में शामिल पार्श्वनाथ सिटी के रहवासी लंबे समय से बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान हैं। सबसे गंभीर समस्या बिजली व्यवस्था को लेकर सामने आ रही है। रहवासियों का कहना है कि बार-बार बिजली गुल होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

रहवासियों के अनुसार बिजली समस्या को लेकर एमपीपीकेवीवीसीएल सहित संबंधित विभागों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। मामले को लेकर न्यायालय तक भी मामला पहुंच चुका है, बावजूद इसके समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### बिजली समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग

- रहवासियों का कहना है कि वे नियमानुसार शुल्क और टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इसके बावजूद बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। उनका कहना है कि वे मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के नियम 4.4 अथवा सुगम योजना के तहत नियमानुसार बिजली कनेक्शन की मांग कर रहे हैं, किसी से भीख नहीं।
- रहवासियों का सवाल है कि जब अवैध बस्तियों और झुग्गियों तक बिजली पहुंचाई जा सकती है तो वैध कॉलोनी में रहने वाले और करों का भुगतान करने वाले नागरिकों को मूलभूत विद्युत सुविधा से क्यों वंचित रखा जा रहा है?
- रहवासियों ने ऊर्जा विभाग, विद्युत विभाग, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मामले में हस्तक्षेप कर बिजली समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें राजनीतिक आश्वासन नहीं, बल्कि नियमित और सुरक्षित बिजली व्यवस्था चाहिए।
- रहवासियों ने मुख्यमंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों से अपील की है कि पार्श्वनाथ सिटी की समस्या का गंभीरता से संज्ञान लेकर जल्द समाधान कराया जाए।



## खबर एक नजर...

### दूधेश्वर महादेव के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, सवा क्विंटल प्रसादी का लगा भोग

**उज्जैन।** हरियाली अमावस्या के पर्व पर बुधवार 12 अगस्त को दूधतलाई स्थित प्रसिद्ध दूधेश्वर महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की कतारें लगी रहीं। पर्व पर भगवान दूधेश्वर महादेव का विशेष पूजन, अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित कृष्णकांत जोशी और पंडित मुरली मनोहर जोशी ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर दूधतलाई क्षेत्र में पारंपरिक मेला भी लगा, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। दिनभर मंदिर में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। महाआरती के बाद भगवान को सवा क्विंटल नुक्ती और सवा क्विंटल साबूदाना खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई।

पुजारी पंडित कृष्णकांत जोशी ने बताया कि उनका परिवार सनातन परंपरा के अनुसार लंबे समय से मंदिर की पूजा-अर्चना और देखरेख कर रहा है। उनसे पहले उनके पिता स्वर्गीय पंडित भूतनाथजी योगी भी मंदिर की सेवा से जुड़े रहे। मंदिर परिसर स्थित कुण्ड के जल को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मान्यता है कि प्रसव के बाद जिन माताओं को पर्याप्त दूध नहीं उतरता, वे इस कुण्ड के जल से स्नान कर उसे ग्रहण करती हैं तो उन्हें लाभ मिलता है। इसी आस्था के चलते दूर-दराज क्षेत्रों से महिलाएं यहां पहुंचती हैं।

### क्षिप्रा तट पर आज मनेगी वीर दुगार्दास राठौड़ की 388वीं जयंती

**उज्जैन।** क्षत्रिय वीर शिरोमणि दुगार्दास राठौड़ की 388वीं जयंती 13 अगस्त को मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय क्षिप्रा तट स्थित उनके ऐतिहासिक समाधि स्थल पर समग्र राजपूत सरदारों और क्षत्राणियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में जोधपुर राजवंश के प्रतिनिधि और अनेक क्षत्राणी संगठन भी विशेष रूप से शामिल होंगे। वीर दुगार्दास राठौड़ स्मृति समिति उज्जैन के संयोजक भरत सिंह हाड़ा ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से इस ऐतिहासिक स्मारक के वृहद विकास के लिए 56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में यहां तेजी से निर्माण कार्य जारी है। जल्द ही यह स्थल उज्जैन के एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा। वीर दुगार्दास राठौड़ जोधपुर मारवाड़ राजवंश के प्रमुख सेनापति थे। उन्होंने मारवाड़ और सीमावर्ती रियासतों पर मुगलों तथा आततायियों के आक्रमणों का डटकर मुकाबला किया और क्षेत्र की रक्षा के लिए कई युद्ध लड़कर विद्रोहियों को खदेड़ा। जीवन के अंतिम समय में 86 वर्ष की अवस्था में क्षिप्रा तट पर ही उनका निधन हुआ था। मरणोपरांत जोधपुर राजवंश द्वारा उनकी समाधि बनवाई गई थी, जो वर्तमान में पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। समिति ने शहर के समस्त राजपूत सरदारों और गणमान्य नागरिकों से पुष्पांजलि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### देवेन्द्र व्यास बने जिला पेंशनर्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष

उज्जैन। कर्मचारी नेता देवेन्द्र व्यास को उज्जैन जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक संघ का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संघ के अध्यक्ष अरविन्द किशोर भटनागर की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से व्यास को यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने तथा 23 अगस्त को उज्जैन में संघ का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित करने के विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र व्यास का संघ के महामंत्री हरिहर शर्मा, उपाध्यक्ष विमलकुमार जैन, आर.सी. शर्मा, कोषाध्यक्ष सज्जनसिंह सेन, लक्ष्मीनारायण सोलंकी, चन्द्रशेखर वर्मा, बी.एल. नामदेव और श्रीमती सुषमा भटनागर ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। बैठक की जानकारी संघ के सचिव निशीकांत व्यास द्वारा दी गई।

### देशभक्ति के नारों के साथ संस्कृत महाविद्यालय ने निकाली तिरंगा यात्रा

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ नागरिकों को राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया।

यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, राष्ट्रीय ध्वज तथा देश की अखंडता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और स्वतंत्रता का प्रतीक है। राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने बताया कि तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव की रक्षा का संकल्प लिया। इस तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्वयंसेवक और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# संसद में श्रीराम व संतों के अपमान पर भड़की सनातन सेना, जताया विरोध

## राष्ट्रीय सनातन सेना ने राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद का फूंका पुतला

### संतों ने दी चेतावनी- भगवान और भगवा का अपमान नहीं सहेंगे सनातनी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

संसद में सनातन धर्म, संत समाज और भगवान श्रीराम पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रीय सनातन सेना ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। सेना के पदाधिकारियों और सनातन धर्म प्रेमियों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और अयोध्या के सपा सांसद अवधेश प्रसाद का पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया।



विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सनातन सेना के संरक्षक डॉ. अवधेश पुरी महाराज ने कहा कि भारत की धरती पर भगवान और भगवा का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। विपक्ष का काम विरोध करना है, लेकिन वे संतों को अपमानित करने का दुस्साहस न करें, अन्यथा उन्हें सनातनियों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। वहीं, क्रांतिकारी संत रामस्वरूप महाराज ने विरोधियों पर तीखा प्रहार करते हुए चेतावनी दी कि हिंदू समाज श्रीराम का अपमान कतई सहन नहीं करेगा। उन्होंने मंच से चेतावनी देते हुए पुतला दहन किया।

राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर अरविंद सिंह पंवार कदवाली ने कहा कि धर्म से बड़ी कोई जाति नहीं होती। उन्होंने राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वे पुलिस सुरक्षा और संसद परिसर छोड़कर आम नागरिक की तरह ऐसी टिप्पणी करके देखें, सनातनी उन्हें ऐसा करारा जवाब देंगे कि वे भविष्य में ऐसे कुकृत्य के बारे में सपने में भी नहीं सोचेंगे। इस अवसर पर कुंवर गजेन्द्र सिंह उमठ गड़रोली सहित सेना के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सनातनी मौजूद रहे। उपस्थित सभी लोगों ने चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई और पृथ्वीराज चौहान जैसे महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए भारत माता और सनातन धर्म की रक्षा के लिए शपथ ली।

### शहीदों की स्मृति में रातडिया गौशाला में रोपे 51 फलदार पौधे

# पर्यावरण प्रेमी मंच का 501 पौधे लगाने का संकल्प, 16 अगस्त को विश्वविद्यालय में लगेंगे 151 पौधे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीद राजाभाऊ महाकाल एवं अन्य शहीदों की स्मृति में पर्यावरण प्रेमी मंच, संत सत्कार समिति और गायत्री परिवार ने संयुक्त रूप से ग्राम रातडिया स्थित गौशाला में वृहद पौधारोपण किया। अभियान के प्रथम चरण में पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से उन्नत किस्म के 51 आम के पौधे रोपे गए, जो आगामी दो वर्षों में फल देने लगेंगे। 16 अगस्त को विश्वविद्यालय में 151 पौधे लगेंगे। संस्थाओं ने शहर में कुल 501 पौधे रोपने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल थे तथा अध्यक्षता नगर निगम के पूर्व सभापति सोनू गेहलोत ने की। पौधारोपण से पूर्व विधि-विधान से गौमाता का पूजन और स्वस्ति वाचन किया गया। मंच के संरक्षक प्रकाश चित्तौड़ा ने अभियान की जानकारी दी। संत सत्कार समिति अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी ने संस्था का परिचय देते हुए



पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। गायत्री परिवार के गोविंद पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि कार्यक्रम के सूत्रधार पुष्पेंद्र चित्तौड़ा ने पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध समाजसेवी शिवा ओम प्रकाश खत्री ने गौशाला में रोपे गए 51 पौधे भेंट किए। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि आगामी 16 अगस्त को स्थानीय सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले वृहद पौधारोपण के लिए वे अपनी ओर से 101 पौधे और प्रदान करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्य अशोक भाटी, भगवान शर्मा, रवि गुप्ता, पूर्णिमा जोशी, उमेश गुप्ता, विक्रम चित्तौड़ा, कृष्णा चित्तौड़ा, चंद्रशेखर माहेश्वरी, नाथू सिंह आंजना, के.के. पंवार, यतीश जाट, खेमजी भाई चंदन, दिनेश महाजन, गोपाल महाकाल, हेमंत गुप्ता, अनिलराज पुरोहित, ईश्वर चंद दुबे, अशोक देवड़ा और सत्यनारायण कच्छावा का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वामी मुस्कुराके ने किया तथा आभार रातडिया ग्राम के सरपंच गणेश चौधरी ने माना।

### स्कूल परिसर में रोपे 108 पौधे, विद्यार्थियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर बुधवार 12 अगस्त को श्री राधा कृष्ण वेयरहाउस एवं ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष लीला देवी पाटीदार की उपस्थिति में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा 108 पौधे लगाए गए। स्कूल संचालक मुकेश पाटीदार, अनीता पाटीदार और राजेश पाटीदार ने पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प दिलाया। इस दौरान त्रिवेणी के रूप में पीपल, नीम और बरगद के साथ ही बिल्वपत्र, तुलसी और विभिन्न फलदार पौधे रोपे गए। हरियाली अमावस्या का महत्व बताते हुए इसे प्रकृति पर्व और कृषि समृद्धि का प्रतीक बताया। शिक्षक प्रवीण नायक, राजीव सक्सेना और किरण यादव ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की आत्मकथा में उज्जैन के पूर्व सांसद हुकुमचंद कछवाय का स्मरण

### प्रधानमंत्री मोदी ने किया विमोचन, कोविंद के संघर्ष के दिनों में कछवाय ने निभाया था बड़े भाई का फर्ज

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा 'ट्रायंफ ऑफ इंडियन रिपब्लिकः माई लाइफ, माई स्ट्रगल्स' में उज्जैन के पूर्व सांसद हुकुमचंद कछवाय का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 12 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की उपस्थिति में इस पुस्तक का विमोचन किया। अखिल भारतीय कोली समाज के उज्जैन पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र हुकुमचंद कछवाय ने बताया कि इस आत्मकथा में पूर्व राष्ट्रपति ने उनके पिता हुकुमचंद कछवाय के साथ अपने पारिवारिक और आत्मीय संबंधों को साझा किया है।

रामनाथ कोविंद ने आत्मकथा में हुकुमचंद कछवाय को अपने बड़े भाई के समान बताया है। जब कोविंद दिल्ली में पढ़ाई कर रहे थे, तब कछवाय ने उन्हें अपने दिल्ली स्थित सरकारी बंगले 19 विंडसर पैलेस में रुकवाया था। इसके साथ ही 30 मई 1974 को रामनाथ कोविंद का विवाह सविता कोविंद के साथ तय कराने और संपन्न करवाने में भी हुकुमचंद कछवाय की मुख्य भूमिका रही थी। कोविंद के शुरूआती जीवन, दिल्ली में वकालत के दिनों और सार्वजनिक जीवन में आने के संघर्षों में भी कछवाय के मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण योगदान का पुस्तक में स्मरण किया गया है।

विमोचन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रामनाथ कोविंद का जीवन संघर्ष भले ही व्यक्तिगत रहा हो, लेकिन उन संघर्षों के परिणामस्वरूप मिली जीत भारत के लोकतंत्र और गणराज्य की जीत है। उन्होंने इस पुस्तक को भारतीय समाज के लिए अनमोल विरासत बताया।

# दौलतगंज मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा में भारत माता के जयकारों से गूंजा उज्जैन



### सामाजिक न्याय परिसर से शुरू होकर चरक भवन स्थित नेताजी की प्रतिमा पर हुआ समापन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भारतीय जनता पार्टी नगर के आह्वान पर दौलतगंज मंडल द्वारा बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष विजय चौहान के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से समूचा वातावरण देशभक्तिमय हो गया।

तिरंगा यात्रा सामाजिक न्याय परिसर से प्रारंभ होकर चरक भवन स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल पर पहुंची। यहां कार्यकताओं ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद यात्रा का समापन हुआ।

इस दौरान उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सेनानियों के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है। यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगदीश अग्रवाल, पार्षद सत्यनारायण चौहान, अशोक देवड़ा, योगेश्वरी राठौर, मंडल प्रभारी अशोक कैथवास, विशाल शर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नितिन सेन, महेंद्र सिंह बेस, मुरारी शर्मा, अम्बर जैन, प्रमोद डोडिया, दीपक मनवानी, रितेश वर्मा, राहुल बैस, विकास करपरिया और शुभम बारोड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीबीएसई गर्ल्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भोपाल मंडलेश्वर और अनूपपुर की टीमें बनीं चैंपियन

# आराध्या इंटरनेशनल स्कूल नरवर में 40 टीमों के 500 खिलाड़ियों ने दिखाया दम, विजेताओं को किया सम्मानित

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

आराध्या इंटरनेशनल स्कूल नरवर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 गर्ल्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में भोपाल, मंडलेश्वर और अनूपपुर की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता के परिणामों के तहत अंडर-14 वर्ग में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोपाल की छात्राओं ने स्वर्ण और सांदीपनी अकैडमी मंडलेश्वर की टीम ने रजत पदक हासिल किया। अंडर-17 वर्ग में सांदीपनी अकैडमी मंडलेश्वर की छात्राओं ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण और सेंट एंथोनी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सोनकच्छ की टीम ने रजत पदक जीता। इसी प्रकार अंडर-19 वर्ग में रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ अनूपपुर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोपाल की टीम ने रजत पदक हासिल किया।




### खिलाड़ियों को किया सम्मानित

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीबीएसई स्पोर्ट्स सेक्रेटरी दिल्ली अतुल जाट उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न आयु वर्गों के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि 40 से अधिक टीमों के 500 खिलाड़ियों की मेजबानी करना आराध्या इंटरनेशनल स्कूल के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर मिथिलेश जाट, प्रिंसिपल प्रियंका शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमावत, सुनील जाट, वाइस प्रिंसिपल भावेश दुबे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रतियोगिता का संचालन सीबीएसई ऑब्जर्वर मुकुंद सिंह झाला ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कोच कुलदीप सिसोदिया, असद कुरेशी, देवेंद्र सिंह चावड़ा और श्याम सिंह झाला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तिरंगे में सजी भगवान झूलेलाल की प्रतिमा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत शहर में स्थापित दुनिया की सबसे भव्य भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को तिरंगे से सजाया गया है। समिति के प्रमुख महेश सीतलानी ने बताया कि मुख्यमंत्री के अभियान से प्रेरित होकर भगवान झूलेलाल की इस प्रतिमा को राष्ट्रीय ध्वज के स्वरूप में सुसज्जित किया गया है।

### सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी का अभियान, तोपखाना क्षेत्र से हुआ शुभारंभ, घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान

# देशभक्ति की भावना जगाने निशुल्क बांटे राष्ट्रीय ध्वज

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शहरवासियों में देश प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा निशुल्क राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया। अभियान का शुभारंभ अध्यक्ष पंकज जायसवाल के नेतृत्व में सोमवार सुबह 11 बजे तोपखाना महाकाल रोड से हुआ। इसके बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को सम्मानपूर्वक तिरंगे प्रदान किए गए।

संस्था के संरक्षक सैयद आबिद अली मीर और उप संयोजक हाजी इस्माइल भाई रंगवाला ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन किया गया। संयोजक व समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज अवश्य फहराएं।

इस अवसर पर आगर के समाजसेवी रफीक खान कालू भाई,



सरदार सनी सलूजा, शाकैब कुरैशी, अनुदीप गंगवार, स्मृति व्यास, नीरोत्तमा चौहान, आयुषी पालीवाल, हाजी इस्माइल खान, बाबा, जहीरुद्दीन शेख, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, सरदार मोनी सलूजा, नवीन मिश्रा, कुरैशी जमात के सचिव इरशाद कुरैशी, संस्था लक्ष्य के उपाध्यक्ष इरफान राइन, विजय चौहान, अमर बंसीवाल, आकाश राठौर, डॉ. एपीजे कलाम समिति अध्यक्ष अभिभाषक समीर खान, रिटायर्ड एसआई जहीरुद्दीन, कलीम शेख, जज्बा फाउंडेशन के सदस्य हारून नागोरी, इरशाद नागोरी, रुबीना खान, रईस खान, जुनैद खान, नासिर मंसूरी, मोहम्मद रईस कल्लू भाई, अस्कार नागोरी, सलमान खान, अशफाक नागोरी और फैयाज शीशगर ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए। कार्यक्रम की जानकारी संयुक्त सचिव गंगाधर और प्रवक्ता आशिक अली ने दी।

### राष्ट्रभक्ति के यज्ञ में दी आहुति

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उज्जैन से एक बार फिर राष्ट्रभक्ति का संदेश देश की सरहदों तक पहुंचेगा। सीमा पर तैनात जवानों की कलाई पर राखी बांधने के लिए संगिनी समूह की 19 बहनें कारगिल की सीमा चौकी और राजौरी जिले की अख़ाद पोस्ट जाएंगी। इस पुनीत कार्य में 'हम हिंदुस्तानी' ने संगिनी समूह को सैनिकों के लिए राखियां और तिरंगे भेंट किए। संगिनी समूह की बहनें कारगिल और राजौरी में उन वीर जवानों को भी राखी बांधेंगी, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश की रक्षा करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया था। सैनिकों के लिए उज्जैन से राखियों के साथ तिरंगे, उपहार और श्री महाकालेश्वर मंदिर का विशेष लड्डू प्रसाद भी ले जाया जा रहा है। समूह की बहनों ने कहा कि सीमा पर पहुंचने वाली प्रत्येक राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि उज्जैन की बहनों की ओर से सैनिकों के प्रति स्नेह, विश्वास और कृतज्ञता का संदेश है।

## 'माय डे माय वॉयस' में छात्राओं ने की डिजिटल और एआई ट्रेनिंग की मांग

### कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ रोजगार की संभावनाओं पर मंथन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आईक्यूएसी द्वारा माय डे माय वॉयस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने डिजिटल, एआई प्रशिक्षण और साक्षात्कार की तैयारियों से जुड़ी कार्यशालाओं की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इसके लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से छात्राओं से उनकी भविष्य की आकांक्षाओं और कॉलेज से अपेक्षाओं पर सुझाव लिए गए थे।

आयोजन में छात्राओं को स्वयं प्लेटफॉर्म के विभिन्न पाठ्यक्रमों, उनसे प्राप्त क्रेडिट से परिणाम प्रतिशत बढ़ाने और एनईपी के पाठ्यक्रम के तहत रोजगार की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके विचार जाने गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था प्राचार्य प्रशांत पुराणिक ने छात्राओं से महाविद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और ज्ञान, विवेक व साहस से अपनी सोच एवं संवाद को गढ़ने का आह्वान किया। प्रशासनिक अधिकारी रश्मि भार्गव ने युवावस्था को जीवन का सबसे ऊर्जावान व सक्रिय काल बताते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। आईक्यूएसी समन्वयक नीता तपन ने संयुक्त राष्ट्र की थीम 'विभिन्न परिस्थितियां, साझा आकांक्षाएं' पर चर्चा करते हुए युवाओं को रोजगारोन्मुखी अवसरों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बीए और बीएससी प्रथम वर्ष की नवप्रवेशित छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। अन्य प्राध्यापकों ने भी छात्राओं के विचार सुने। कार्यक्रम का सफल संचालन दिव्या गैहलोत्रा ने किया।

उज्जैन
गुरुवार
13
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आहार निद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत पशुभिर्नराणाम्।
धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः।।

**अर्थ**: भोजन, निद्रा, भय और काम-वासना- ये मनुष्य और पशु में समान हैं। मनुष्य में केवल धर्म है, अर्थात बिना धर्म के लोग पशु के समान हैं।

## खबर एक नजर...

### 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म में सजा, आरोपी को 20 साल का कारावास

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को 20 साल के कारावास की सजा मिली है। उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता की मां ने 30 अक्टूबर 2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह कैटरिंग का काम करती है। 29 अक्टूबर 2024 की रात करीब 8 बजे उसकी बेटी अपनी नानी के घर जाने का बोलकर निकली थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। पीड़िता ने बताया कि पिछले एक साल से उसकी पहचान पवन (23) से थी। घटना की रात में आरोपी उसे बहला-फुसलाकर गार्डन के पास स्थित अपनी झोपड़ी में ले गया और उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। सुबह आरोपी ने उसे वापस घर भेज दिया। शिकायत के आधार पर द्वारकापुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। अभियोजन पक्ष ने अदालत के सामने 11 गवाहों की गवाही कराई और जुर्म को पूरी तरह साबित किया। 21 वें अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय (इंदौर) ने 11 अगस्त 2026 को फैसला सुनाते हुए आरोपी पवन को दोषी पाया और 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर से छेड़छाड़ करने वाला हत्या में गिरफ्तार

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने 11 साल पुराने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरे आरोपी की मौत हो चुकी है। 17 अप्रैल 2015 को खजराना बायपास के पास 17 वर्षीय कृष्णा की हत्या सोने का लॉकेट देखकर अकील खान उर्फ नाईट्रा, मोहम्मद आरिफ उर्फ महुआ और परवेज ने की थी। हत्यारोपी अकील ने ही दिसंबर 2025 में भारत आई ऑस्ट्रेलियन महिला क्रिकेटर से भी छेड़छाड़ की थी। इसलिए पकड़ में नहीं आए आरोपीः हत्या के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने बायपास पर एक कार भी लूटी और उज्जैन पहुंचकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में उज्जैन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अकील और आरिफ करीब 8 साल जेल में रहे। परवेज की जेल में ही मौत हो गई। जमानत पर छूटने के बाद आरिफ उज्जैन में रहने लगा, जबकि अकील इंदौर आकर आजाद नगर में रहने लगा। इस वजह से कृष्णा हत्याकांड में पुलिस को आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका। जेल में कैदी को दी धमकी जिससे खुला हत्या का राज अकील जब इंदौर जेल में बंद था, तब बैरक में कैदी से झगड़े के दौरान कैदी को धमकाते हुए कृष्णा की हत्या का भी जिक्र कर दिया। जमानत पर जेल से बाहर आए इसी कैदी से यह बात पुलिस तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने पहले आरिफ को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद अकील को भी गिरफ्तार किया लिया है।

### 14 साल की छात्रा को अकेले पाकर होम ट्यूटर ने की थी छेड़छाड़

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले 60 वर्षीय होम ट्यूटर को अदालत ने दोषी करार देते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपी नितिन सप्रे (60 वर्ष) को पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास, 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास और 16 हजार रुपये के जुमार्ने से दंडित किया गया है। पीड़िता 9वीं कक्षा की छात्रा है और वर्ष 2006 से अपने मौसा-मौसी के पास रहकर पढ़ाई कर रही थी। मौसी ने पढ़ाई के लिए आरोपी नितिन सप्रे को ट्यूशन पढ़ाने के लिए बुलाया था। 7 जून 2022 से ट्यूटर की डेमो क्लास शुरू हुई थी। घटना 8 जून 2022 की दोपहर करीब 2 बजे की है। ट्यूटर जब पढ़ाने आया, तब छात्रा घर में अकेली थी और उसकी बड़ी बहन कुत्ते को टहलाने नीचे गई हुई थी। छात्रा को अकेला पाकर ट्यूटर उसके पास आकर बैठ गया और गलत तरीके से छूने लगा। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत 9 जून 2022 को थाना लसूड़िया में दर्ज कराई थी। अदालत में विशेष लोक अभियोजक सीमा शर्मा की प्रभावी पैरवी के बाद आरोपी को कठोर सजा सुनाई गई।

### 11 साल बाद पकड़ाया नाबालिग की हत्या का आरोपी

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने 2015 के एक हत्याकांड के मामले में बुधवार को आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने 17 साल के नाबालिग की हत्या की थी, लेकिन हत्याकांड में पकड़ा नहीं गया। इस दौरान वह कई बार पुलिस की गिरफ्त में आया। यहां तक कि 2024 में खजराना पुलिस ने उसे दो बार पकड़ा था। अब मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया। टीआई मनोज सेंधव की टीम ने दौलतबाग निवासी अकील उर्फ नाईट्रा, पिता इम्तियाज शेख और उसके साथी आरिफ उर्फ नाईट्रा, पिता मोहम्मद शाकिर, निवासी गोहर कॉलोनी, खजराना को पकड़ा है। हत्याकांड में शामिल तीसरे आरोपी परवेज की मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि अकील ने 2015 में अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर 17 साल के नाबालिग की लूट के इरादे से हत्या कर दी थी। आरोपियों ने इसके बाद शव को ले जाकर जला दिया था। पुलिस को शव बायपास पर जला हुआ मिला था। हालांकि, मामले में कोई सुराग नहीं मिलने के बाद दो साल बाद हत्याकांड की फाइल बंद कर दी गई।

## चंदन नगर टीआई पर 1350 फर्जी गवाह के मामले, दो और टीआई हो चुके डिमोट

# फर्जी गवाहों में एक टीआई डिमोट, दूसरे पर कार्रवाई नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एक जैसे गवाहों के नाम पर सैकड़ों केस, सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी और उसके बाद पुलिस विभाग की कार्रवाई इंदौर में थाना प्रभारियों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल लगातार गहरा रहे हैं।

खजराना के पूर्व टीआई दिनेश वर्मा को करीब 700 जुआ, सट्टा और आर्म्स एक्ट के मामलों में एक जैसे पॉकेट गवाहों के नाम सामने आने के बाद जांच में दोषी पाए जाने पर टीआई से एसआई बना दिया गया।

वहीं, चंदन नगर के टीआई इंद्रमणि पटेल के करीब 1350 मामलों में चार एक जैसे गवाहों के नाम सामने आने के बावजूद उन्हें फिलहाल सिर्फ थाने से हटाया गया है और जांच जारी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियां भी सामने आ चुकी हैं और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ा था। इन दो मामलों के अलावा दो अन्य थाना प्रभारियों को भी अलग-अलग मामलों में जांच के बाद टीआई पद से हटाकर एसआई बनाया गया है। इनमें एक मामला हाईकोर्ट की डबल बेंच और दूसरा हाईकोर्ट में फैसले के स्तर पर लंबित है।





### 700 केसों में दो गवाह, जांच के बाद दिनेश वर्मा डिमोट

- खजराना के पूर्व टीआई दिनेश वर्मा पर आरोप है कि उनके कार्यकाल में करीब 700 जुआ, सट्टा और आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में दो एक जैसे पॉकेट गवाहों इरशाद और नवीन के नाम दर्ज किए गए। मामले की जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने उन्हें टीआई से एसआई पद पर डिमोट कर दिया।
- दिनेश वर्मा को यह सजा करीब पांच दिन पहले मिली है। बताया गया है कि उनका तत्कालीन एसीपी जयंत राठौर से जमीन कब्जे को लेकर विवाद भी हुआ था। इसी विवाद के बाद उनका नाम जांच में आने की बात सामने आई।
- हालांकि जांच लंबे समय तक ठंडे बस्ते में रही। बाद में इंद्रमणि पटेल से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस तरह के मामलों की जांच आगे बढ़ी और दिनेश वर्मा भी इसकी चपेट में आ गए। वर्मा अब वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपील करेंगे और इसके बाद हाईकोर्ट जाने की तैयारी है।

**1350 केसों में चार एक जैसे गवाह-** चंदन नगर के टीआई इंद्रमणि पटेल के खिलाफ करीब 1350 मामलों में एक जैसे चार गवाह अमीन रंगरेज, सलमान, अब्दुल और माजिद के नाम सामने आए हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में उनके खिलाफ याचिका लगाने वाले अनवर हुसैन के वकील ने शुरूआत में 354 मामलों को ही कोर्ट के सामने रखा था। बाद में करीब एक हजार और मामले सामने आए।

मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी। इसके बाद इंदौर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ा। पुलिस की ओर से कोर्ट में हलफनामा भी पेश किया गया, जिसमें बताया गया कि कई बार पुलिस को इस तरह के गवाह तैयार करने पड़ते हैं। दिनेश वर्मा ने अपने खिलाफ चल रही जांच में इस हलफनामे की प्रति भी प्रस्तुत की, लेकिन उन्हें कार्रवाई से राहत नहीं मिल सकी।

इंद्रमणि पटेल को फिलहाल इस मामले में डिमोशन की कार्रवाई से राहत है। उन्हें थाने से हटाया जा चुका है और जांच जारी है। हाल ही में हुए डीएसपी प्रमोशन में भी उनका प्रमोशन रोका गया है। पटेल इसके खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

## इंदौर में एनालॉग पनीर का बड़ा कारोबार

# होटल-ढाबों से मोमोस-चाइनीज स्टॉल तक खपत, पालदा-बेटमा और महू में बड़ी यूनिट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश में एनालॉग पनीर की बिक्री पर रोक के बाद खाद्य विभाग की कार्रवाई से शहर में इसके बड़े कारोबार का पता चला है। इसे बाजार में एनालॉग पनीर के नाम से नहीं, बल्कि सामान्य पनीर बताकर होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट तक पहुंचाया जा रहा था। दूध से बने पनीर के मुकाबले इसकी कीमत करीब 120 रुपए किलो कम है।

शहर की डेयरियों में दूध से बना पनीर करीब 400 रुपए किलो बिक रहा है, जबकि एनालॉग पनीर करीब 280 रुपए किलो में उपलब्ध है। कम कीमत के चलते इसकी खपत खासतौर पर होटल, ढाबों और छोटे फूड आउटलेट में होने की बात सामने आई है।

इंदौर के पालदा, बेटमा, महू और खुड़ैल सहित आसपास के इलाकों में एनालॉग पनीर बनाने वाली बड़ी इकाइयां सक्रिय रही हैं। इनसे जुड़े सप्लायर शहर के अलग-अलग हिस्सों में इसकी सप्लाई करते हैं। आसपास के छोटे जिलों से भी इसके इंदौर पहुंचने की जानकारी सामने आई है।

खाद्य विभाग अब ऐसे ठिकानों की जांच कर रहा है, जहां इसका उत्पादन और भंडारण किया जा रहा है। टीम सप्लाई नेटवर्क के साथ उन होटल-ढाबों और फूड आउटलेट की भी जानकारी जुटा रही है, जहां इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।



### ग्राहक को नहीं होती पनीर की जानकारी

एनालॉग पनीर को अलग उत्पाद के तौर पर बेचने के बजाय सामान्य पनीर की तरह इस्तेमाल किया जाता है। होटल, ढाबे और छोटे रेस्टोरेंट के अलावा मोमोज, चाइनीज और दूसरे फूड स्टॉल पर भी इसकी खपत होने की बात सामने आई है। पनीर की सब्जी, चिली पनीर, मोमोज या दूसरे व्यंजन ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को आमतौर पर यह जानकारी नहीं होती कि उसमें दूध से बना पारंपरिक पनीर इस्तेमाल हुआ है या एनालॉग पनीर।

**दूध के पनीर से अलग है एनालॉग-** आहार पोषण विशेषज्ञ निधि अग्रवाल के अनुसार एनालॉग पनीर पारंपरिक दूध से बने पनीर से अलग होता है। इसे बनाने में दूध के साथ या उसकी जगह वेजिटेबल फैट, स्टार्च, मिल्क सॉलिड्स और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा सकता है। एनालॉग पनीर पर रोक के बाद खाद्य विभाग अब इसके उत्पादन से लेकर बाजार तक पहुंचने की पूरी कड़ी की जांच कर रहा है।

# देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य आयोजन 15 अगस्त को इंदौर में

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी इंदौर श्रमंण संस्कृति के महाश्रमण श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं संसघ के सानिध्य में दलाल बाग में होगा विशेष कार्यक्रम। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा, ध्वज वंदन एवं मां तुझे सलाम नामक देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक प्रस्तुतिया और गुरुदेव का भारत के नाम ओजस्वी मंगल देशना यह आयोजन सुधा सागर धर्म प्रभावना समिति, सकल दिगंबर जैन समाज इंदौर द्वारा किया जा रहा है।

इस आयोजन को परम पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव, तपस्वी सम्राट, अंनत ज्ञान के सागर, जिनशासन गौरव, युगप्रेरक, ओजस्वी वाणी के धनी पूज्य श्री 108 सुधा सागर जी महाराज का मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त है। आयोजकों ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बच्चों और युवाओं को धर्म, संस्कार



और देशभक्ति से जोड़ना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम स्थल दलाल बाग, छत्रपति नगर, इंदौर में आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की समय सुबह 7:15 बजे- तिरंगा यात्रा। बच्चों एवं महिला मंडल द्वारा जय घोष बैंड के साथ तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से दलालबाग पंडाल तक जुलूस निकाला जाएगा। तत्त पश्चात 7:45 बजे - राष्ट्रीय ध्वज वंदन के बाद सुबह 8:00 बजे देश भक्ति से ओत-प्रोत- भक्ति एवं नृत्य द्वारा मंगलाचरण पश्चात सुबह 8:15 बजे श्रमंण संस्कृति के महाश्रमण-गुरुदेव पूज्य श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ओजस्वी मंगल देशना प्रवचन।

## कबाड़ की आड़ में चोरी की गाड़ियाँ काटकर बेचीं

# इंदौर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा, 2.50 लाख की स्क्रैप मशीन जब्त, गोदाम सील

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चोरी की गाड़ियों के इंजन और पाट्र्स खरीदकर बेचने के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने फरार चल रहे आरोपी फहीम अंसारी (34) को गिरफ्तार किया है। बुधवार को क्राइम ब्रांच ने इसका खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्क्रैप हाइड्रोलिक मशीन जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत 2.50 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी के गोदाम को भी पुलिस ने सील कर दिया। मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी अल्ताफ अंसारी के गोदाम को भी सील किया गया है।

एडिशनल डीसीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने बताया कि 9 अगस्त को दौलतगंज-रानीपुरा क्षेत्र में कबाड़ दुकान से चोरी की गाड़ियों के पाट्र्स बेचने का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस पूर्व में अल्ताफ अंसारी (49) और अरशद अंसारी (25) को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनके कब्जे से 12 इंजन और कई कलपुर्जे बरामद हुए थे।

अल्ताफ और अरशद से पूछताछ के दौरान फहीम अंसारी के मामले में शामिल होने की बात सामने आई, जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से मंगलवार को घेराबंदी कर फहीम को धर दबोचा।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने फहीम के पास से स्क्रैप हाइड्रोलिक मशीन जब्त कर उसके गोदाम को सील कर दिया है। इसके पूर्व गिरफ्तार आरोपी अल्ताफ के गोदाम पर भी सील लगाई जा चुकी है। चौथी कक्षा तक पढ़ा फहीम लंबे समय से कबाड़ का काम कर रहा था। फिलहाल पुलिस उससे वाहन चोरी के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## इंदौर में गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

# जुलूस, झांकी, आरती की व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

गणेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को नगर निगम महापौर के सभाकक्ष में सामान्य प्रशासन विभाग और श्री गणेश उत्सव समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने की।

बैठक में गणेश स्थापना से लेकर अनंत चतुर्दशी के चल समारोह तक की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने तय किया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी राजबाड़ा से निगम प्रांगण तक गणेश प्रतिमा के साथ जुलूस निकाला जाएगा। इसमें आकर्षक झांकी, बैंड-बाजे और आर्केस्ट्रा की व्यवस्था को लेकर सुझाव लिए गए।




**निगम की झांकी के साथ व्यवस्थाओं पर भी बातचीत-** समिति प्रभारी पहाड़िया ने बताया कि निगम प्रांगण में गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन पूजा और आरती की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही झांकी निर्माण और अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाले चल समारोह में निगम की झांकी के साथ की जाने वाली व्यवस्थाओं पर भी सदस्यों ने चर्चा की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे-** बैठक में निगम प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। समिति सदस्यों ने उत्सव को बेहतर और आकर्षक बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। इसके अलावा नगर निगम कर्मचारियों के बच्चों द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मान समारोह आयोजित करने पर भी विचार किया गया। बैठक में पार्षद भावना चौधरी, संगीता महेश जोशी, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सचिव राजेंद्र गैरोठिया, अधीक्षक प्रदीप दुबे सहित कर्मचारी यूनियन के महेश गौहर, बाबूलाल सिरसिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अफसर जमीन खाली नहीं करा पाए, कागज पर होस्टल

# 25 होस्टल व आश्रमों के लिए करीब मंजूर हुए 47 करोड़, आए सिर्फ 98 लाख

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

आदिवासी विद्यार्थियों के लिए इंदौर और आसपास प्रस्तावित हॉस्टल-आश्रम भवनों की योजना भी खटाई में है। सरकार ने 2025-26 में इंदौर संभाग में 25 होस्टल व आश्रमों के लिए करीब 47 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, लेकिन अब तक सिर्फ 98.80 लाख ही आवंटित हुए हैं। स्वीकृत राशि का महज 2.1%, खर्च भी अब तक शून्य है।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) की समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक 25 में से 10 बड़े प्रोजेक्ट अभी शुरू ही नहीं हुए हैं। कहीं पुराने जर्जर भवन हटाए जाना बाकी हैं तो कहीं पेड़ों को हटाने की अनुमति नहीं मिली। चोरल और कालाकुंड में वन भूमि और अभयारण्य क्षेत्र से जुड़ी एनओसी नहीं मिल पाने के कारण भी निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है।



इंदौर में तीन हॉस्टल बनना है, जगह ही खाली नहीं हो पाई उषा नगर, भंवरकुआं और एबी रोड पर आदिवासी विद्यार्थियों के लिए कॉलेज हॉस्टल प्रस्तावित हैं। प्रत्येक की लागत करीब 4.09 करोड़ रुपए है। इनका मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के आदिवासी जिलों से इंदौर आने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुरक्षित आवास देना है। योजना में राशि मंजूर है और जमीन भी चिह्नित है, लेकिन तीनों जगह पुराने जर्जर भवन मौजूद हैं। इन्हें हटाया नहीं गया है। परिसर के पेड़ों को काटने या शिफ्ट करने की अनुमति की प्रक्रिया भी लंबित है। यानी जिस जमीन पर नए हॉस्टल बनने हैं, वही जमीन अभी निर्माण के लिए तैयार नहीं हो सकी है। चार माह में चार पत्र लिखे, एक पर भी कार्रवाई नहीं हुई चोरल क्र. 1 और चोरल क्र. 2 के बालक-कन्या छात्रावास तथा कालाकुंड के आश्रम भवन भी अटके हैं। यहां वन भूमि और अभयारण्य क्षेत्र से जुड़ी अनुमति जरूरी है। आरईएस के कार्यपालन यंत्री ने समस्या दूर कराने के लिए जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त को पत्र लिखे हैं। चार महीने में चार पत्र लिखे गए। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिनके लिए योजना, वे किराए के कमरे तलाश रहे धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन और बड़वानी जैसे जिलों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंदौर आते हैं। प्रस्तावित कॉलेज हॉस्टल तैयार नहीं होने से उन्हें निजी कमरे, पीजी और लॉज में रहना पड़ रहा है। सुरक्षित और सुलभ आवास देने के उद्देश्य से बनाई गई योजना का लाभ फिलहाल विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रहा है।

### जमीन मिलने के 6 साल बाद आई सड़क बनाने की याद

उधर, मानपुर के जामनिया में अधूरे एकलव्य गुरुकुलम के मामले में पीडब्ल्यूडी की लापरवाही भी सामने आई है। 2018 में तत्कालीन कलेक्टर ने स्कूल के लिए पहाड़ी पर जमीन दे दी थी, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए सड़क का प्रस्ताव 2024 में तैयार हुआ। 2025 में सड़क के लिए 3 करोड़ मंजूर भी हुए, लेकिन फंड नहीं मिला। इस दौरान गुरुकुलम की क्षमता और भवनों की डिजाइन में बदलाव होते रहे। संभागायुक्त भास्कर लक्ष्यकार ने कहा, मामला मुख्यालय स्तर का है, लेकिन जल्द से जल्द बात आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

## सतना में दुकान में घुसकर कर्मचारी से मारपीट

**सतना।** सतना जिले के बिरसिंहपुर में बुधवार शाम एक कपड़ा दुकान में घुसकर कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ युवक दुकान के अंदर कर्मचारी के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-8 निवासी 24 वर्षीय दुर्गेश सोनी, पिता राजकुमार सोनी, अशोक गुप्ता की नवीन वस्त्रालय में कर्मचारी है। बुधवार शाम वह दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान भोगल सेन, छोटू त्रिपाठी और एक अन्य युवक दुकान में पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने दुर्गेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की। दुकान में मौजूद व्यापारी ने कर्मचारी के साथ मारपीट होते देख बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद दुर्गेश सोनी ने सभापुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया है। मारपीट की घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने फुटेज को जांच में शामिल किया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो और शिकायत के आधार पर घटनाक्रम की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसरों की विदेश यात्रा पर विवाद

**दतिया।** दतिया में गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की विदेश यात्राओं को लेकर विवाद सामने आया है। आरटीआई से मिली 148 पेज की जानकारी के आधार पर 6 प्रोफेसर की विदेश यात्राओं का रिकॉर्ड सामने आया है। मेडिसिन विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हेमंत कुमार जैन का दावा है कि इन यात्राओं के लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति या मंजूरी का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और सभी पर समान कार्रवाई की मांग की है। डॉ. जैन ने मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता (डीन) और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन दिया है। इसकी कॉपी कमिश्नर, चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल और स्वशासी समिति के अध्यक्ष को भी भेजी गई है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि नियम सभी सरकारी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होने चाहिए। डॉ. जैन ने आवेदन में प्रशासन की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि उनके मामले में प्रशासन ने प्रारंभिक जांच की थी और उन्होंने इसमें पूरा सहयोग किया।

## सतना में शासकीय जमीन पर चल रहा था निजी स्कूल

**सतना।** सतना के नई बस्ती स्थित विलियम अब्राहम लिंकन कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल की भौतिक और प्रशासनिक जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जांच में पाया गया कि निजी स्कूल का भवन शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया गया है। इसके अलावा एक ही डाइस कोड से तीन अलग-अलग स्थानों पर स्कूल संचालित किए जाने की शिकायत भी जांच में सही पाई गई। पालक-शिक्षक संघ और स्थानीय नागरिकों की शिकायत के बाद बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राहुल सिलाडिया ने शिक्षा विभाग की टीम के साथ स्कूल का औचक निरीक्षण किया। जांच के बाद तैयार किए गए प्रतिवेदन में स्कूल संचालन से जुड़ी कई गंभीर कमियां दर्ज की गई हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार स्कूल भवन शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाया गया है। स्कूल परिसर में एक आवासीय मकान, बंधे हुए मवेशी और ब्यूटी पार्लर का बोर्ड भी मिला। जांच टीम ने स्कूल के संचालन और भूमि संबंधी स्थिति को भी रिकॉर्ड में लिया है। प्रशासन अब संबंधित जमीन और स्कूल संचालन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रहा है।

## सतना में अवैध कोयला यार्ड पर छापा, दस्तावेज नहीं दिखा सके कर्मचारी

**सतना।** सतना जिले के रामपुर बघेलान ब्लॉक के खुटहा गांव में बेला-अमरपाटन नेशनल हाईवे-30 किनारे संचालित एक कथित अवैध कोयला यार्ड पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने मौके से 20 से अधिक ट्रक के बराबर कोयले का स्टॉक और दो पोकलेन मशीनें जब्त की हैं। दस्तावेज नहीं मिलने पर अधिकारियों ने यार्ड को सीज कर दिया। रामपुर बघेलान एसडीएम सुभाष मिश्रा को खुटहा में अवैध कोयला भंडारण की सूचना मिली थी। इसके बाद नायब तहसीलदार मंगलेश्वर सिंह, तीन पटवारियों और रामपुर बघेलान थाना पुलिस के एसआई केशव पाण्डेय की टीम ने यार्ड पर दबिश दी।

## उमरिया में मिट्टी जांच लक्ष्य से चूका कृषि विभाग

**उमरिया।** उमरिया जिले के किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए खेत की मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले में मृदा परीक्षण की व्यवस्था है। इसके तहत खेतों से मिट्टी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच की जाती है। हालांकि, निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले कम सैंपल प्रयोगशाला पहुंचने से मृदा परीक्षण का काम प्रभावित हुआ। 1 अप्रैल से 30 जून तक 3308 सैंपलों की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। तीन महीने की अवधि में प्रयोगशाला में 2961 सैंपल ही पहुंचे।

### अब मप्र में 24 घंटे खुल सकेंगी दुकानें-होटल और मॉल

# कर्मचारियों से हफ्ते में 48 घंटे से ज्यादा काम नहीं करा सकेंगे, सुरक्षा का जिम्मा मालिक पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में अब दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और दूसरे व्यावसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे और सातों दिन खुले रखे जा सकेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ह्यमध्य प्रदेश कार्यस्थल सशक्तिकरण संहिता (श्रम शक्ति संहिता), 2026ह्न को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि कर्मचारियों से लगातार दिन-रात काम कराया जाएगा। कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट में लगानी होगी और तय समय के बाद शिफ्ट बदलनी होगी।

नई व्यवस्था में कर्मचारी के काम के घंटे तय रहेंगे। एक सप्ताह में कर्मचारी से अधिकतम 48 घंटे काम कराया जा सकेगा। अतिरिक्त काम के लिए कर्मचारी की सहमति जरूरी होगी और ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के मुताबिक करना होगा। इससे लोगों को रात में भी खरीदारी या होटल-रेस्टोरेंट की सुविधा मिल सकेगी। खासतौर पर बड़े मॉल, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठानों को 24 घंटे कारोबार करने का मौका मिलेगा।

अब दुकान या प्रतिष्ठान का बार-बार रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल कराने की जरूरत नहीं होगी। एक बार ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद प्रमाण-पत्र और एक यूनिक पहचान नंबर मिलेगा। बाद में दुकान या प्रतिष्ठान की जानकारी में कोई बदलाव होता है तो उसे ऑनलाइन अपडेट करना होगा। रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक और दूसरे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया है। इनके लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, परिवहन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। श्रमिकों की शिकायतों के निपटारे के लिए प्रशासनिक व्यवस्था और समितियां बनाई जाएंगी। श्रम विभाग के अधिकारी जरूरत पड़ने पर प्रतिष्ठानों की जांच कर सकेंगे और जरूरी दस्तावेज मांग सकेंगे। नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई भी की जा सकेगी।



### कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मालिक की

नई संहिता में कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया है। प्रतिष्ठान मालिकों को काम की जगह पर साफ-सफाई, सुरक्षा उपकरण, आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था करनी होगी। किसी हादसे या खतरे की स्थिति में अधिकारी जांच कर कार्रवाई कर सकेंगे। महिला कर्मचारियों के लिए भी सुरक्षित माहौल और काम से जुड़े सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं।

## आज 350 से ज्यादा नावों पर दिखेगा राष्ट्रध्वजः बोट क्लब से निकलेगी नौका तिरंगा यात्रा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के उत्सव से पहले राजधानी भोपाल का बड़ा तालाब गुरुवार को देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 13 अगस्त को बोट क्लब से विशाल नौका तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होने वाली इस यात्रा में 350 से ज्यादा नावों पर तिरंगा लहराएगा। जल, थल और नभ–तीनों ओर राष्ट्रध्वज की छटा नजर आएगी।

यात्रा सुबह 11 बजे बोट क्लब से शुरू होगी। इसमें देशभर से आए वाटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के साथ प्रदेश के खिलाड़ी, युवा, सामाजिक संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। आयोजकों के मुताबिक, 1000 से ज्यादा खिलाड़ी और नागरिक इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

बड़े तालाब में एक साथ सैकड़ों नावों के उतरने से यहां अनूठा नजारा देखने को मिलेगा। नावों पर सवार प्रतिभागी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा में शामिल होंगे। तालाब की लहरों के बीच तिरंगे से सजी नावों का यह बेड़ा शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लोगों में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करना है। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि भोपाल की बड़ी झील शहर की पहचान और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रमुख केंद्र है। इसी झील पर नौका तिरंगा यात्रा के जरिए देशभक्ति का संदेश दिया जाएगा।

### पूर्वी हिस्से में कल से 3 दिन भारी बारिश; शिवपुरी-श्योपुर में आज असर

## जबलपुर, रीवा-शहडोल में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्से को तरबतर करने के बाद अब मानसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम पूर्वी हिस्से में एक्टिव होगा। शुक्रवार से जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में 3 दिन भारी बारिश का अलर्ट है।

इससे पहले गुरुवार को शिवपुरी-श्योपुर में तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम केंद्र के मुताबिक, 24 घंटे में इन दोनों जिलों में 4 इंच या इससे ज्यादा पानी गिर सकता है। वहीं भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हलकी बारिश हो सकती है।



### खरगोन में सबसे ज्यादा 8.1 इंच बारिश हुई

मौसम विभाग के मुताबिक, 24 घंटे में खरगोन में सबसे ज्यादा 8.1 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। खंडवा में 5.5 इंच और गुना में 4.6 इंच पानी गिरा। भोपाल में 70.6 मिमी, यानी 2.8 इंच बारिश हुई। धार, राजगढ़, शिवपुरी, दतिया, उज्जैन, सीधी, इंदौर समेत प्रदेश के आधे से ज्यादा में तेज बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि प्रदेश में लो प्रेशर एरिया, मानसून ट्रफ एक्टिव है। वहीं दक्षिणी हिस्से से एक ट्रफ गुजर रही है। इस वजह से प्रदेश में पिछले 48 घंटे से बारिश हो रही है। गुरुवार को भी इसका असर रहेगा। आने वाले दिनों में एक और लो प्रेशर एरिया एक्टिव हो रहा है, जिसका असर पूर्वी हिस्से में देखने को मिलेगा।

## पेंच टाइगर रिजर्व में मछली माफिया का आतंक

**पेंच।** पेंच टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र (तोतलाडोह बांध) में चल रहे करोड़ों की कमाई के अवैध मछली कारोबार और संगठित माफिया के खिलाफ केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) ने इस मामले में मप्र सरकार से जवाब तलब करते हुए तत्काल एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की है। गौरतलब है कि पेंच टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने पेंच नदी पर महाराष्ट्र की सीमा में बने तोतलादोह डैम से मछली पकड़ने की सभी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद मप्र की सीमा से प्रवेश कर संगठित मछली माफिया पिछले कई सालों से बेखौफ होकर मछलियों के शिकार में लिप्त है। एनटीसीए ने मप्र के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को लिखे पत्र में इस शिकायत की गंभीरता से जांच कराने और मछली माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## अफसर बोले- रेत खदान वैध होगी, तभी बनेगी सड़क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में नर्मदा किनारे बसे नानपा, कुल्हड़ा और कजलास के 2375 ग्रामीण 4 साल से खराब सड़क की मार झेल रहे हैं। नानपा से कुल्हड़ा तक 3.26 किमी सड़क भारी वाहनों की आवाजाही से बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। बारिश में यह कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते में बदल जाती हैं। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे, किसान, महिलाएं, मरीज और नर्मदा परिक्रमा वासी गुजरते हैं। मामला इसलिए ज्यादा गंभीर है क्योंकि सड़क सुधार की सरकारी फाइल भी रेत परिवहन के कारण अटक गई।

24 दिसंबर 2025 को अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सामने अपग्रेडेशन का प्रजेंटेशन हुआ। इसमें इसी मार्ग से अवैध रेत परिवहन की वजह से सड़क क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई। इसके बाद स्वीकृति होल्ड कर दी गई।

विभाग के मुताबिक, खदान वैध होने के बाद ही सड़क अपग्रेडेशन की फाइल आगे बढ़ेगी। यानी सड़क की बदहाली दूर करने की प्रक्रिया उसी वजह से रुक गई, जिसे सड़क खराब होने का कारण बताया गया है।

### रोज 100 ट्रॉलियां निकलने का दावा

ग्रामीणों के मुताबिक नानपा और कजलास की रेत खदान का ठेका कई वर्षों से नहीं हुआ, इसके बावजूद रेत निकाली जा रही है। उनका दावा है कि दिन-रात लोडर और पोकलेन चलती हैं और रोज करीब 100 ट्रॉलियां रेत ले जाती हैं। ग्रामीणों के अनुसार रेत से भरे वाहन डोलरिया और आंवलीघाट-हथनौरा तक जाते हैं, जहां से डंपरों के जरिए दूसरे शहरों में रेत भेजी जाती है।

100 ट्रॉलियों के आधार पर ग्रामीण करीब 6.40 लाख रुपए प्रतिदिन और 1.92 करोड़ रुपए महीने के रेत कारोबार का अनुमान लगाते हैं। हालांकि वास्तविक मात्रा और शासन को होने वाले राजस्व नुकसान की पुष्टि विभागीय जांच के बाद ही होगी। नानपा-कुल्हड़ा की 3.26 किमी सड़क वर्ष 2020 में एमपीआरसीपी योजना के तहत 90.97 लाख रुपए में बनी थी।

# भैंसों ने बाघिन को खदेड़कर बचाई चरवाहे की जान

### उमरिया में शावक के साथ घूम रही थी; घायल बोला- भैंस नहीं होती तो मैं मर जाता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उमरिया

मध्यप्रदेश के उमरिया में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र में बुधवार को शावक के साथ घूम रही बाघिन ने एक चरवाहे पर हमला कर दिया। बाघिन के झपट्टा मारते ही चरवाहा चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर उसकी भैंसें मौके पर पहुंचीं और बाघिन की तरफ दौड़ पड़ीं।

भैंसों के आक्रामक रुख को देखकर बाघिन जंगल की ओर भाग गई। इस तरह भैंसों ने चरवाहे की जान बचा ली। घटना में 36 वर्षीय चरवाहा रामनरेश सिंह के हाथ में चोट आई है। उसे इलाज के लिए मानपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामनरेश पनपथा बफर क्षेत्र से लगी सीमा के पास अपनी भैंसें चरा रहा था। इस दौरान उसकी दो भैंसें कोर क्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ-443 की तरफ चली गईं। रामनरेश के मुताबिक, कोर और बफर क्षेत्र का जंगल आपस में जुड़ा हुआ है।

भैंसों के जंगल के अंदर चले जाने के बाद वह उन्हें तलाशने के लिए अकेला ही अंदर चला गया। वह भैंसों को तलाश ही रहा था कि अचानक उसका सामना शावक के साथ घूम रही बाघिन से हो गया। बाघिन ने उसे देखते ही हमला कर दिया।

घायल रामनरेश ने अस्पताल में घटना के बारे में बताया। उसके मुताबिक, वह जंगल में अपनी भैंसों को तलाश रहा था। इसी दौरान शावक के साथ घूम रही बाघिन सामने आ गई। बाघिन ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई। बाघिन के हमला करने के बाद उसने शोर मचाया और मदद के लिए चिल्लाने लगा। इसी दौरान उसकी भैंसें वहां पहुंच गईं। भैंसों ने बाघिन को देखकर उसकी तरफ दौड़ लगा दी।



# स्पोर्ट्स सिटी बनने की राह पर भोपालः 140 एकड़ का इंटरनेशनल कॉम्प्लेक्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल अब देश की टॉप-10 स्पोर्ट्स सिटीज में शामिल होने से चंद कदम दूर है। यह उन चुनिंदा शहरों में होगा, जहां एक साथ कई खेलों के बड़े राष्ट्रीय आयोजन कराए जा सकें।

नाथूबरखेड़ा में बन रहा 140 एकड़ का इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स राजधानी को पहली बार ऐसा मल्टी-स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर देगा, जहां एथलेटिक्स, हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, तैराकी, जिम्नास्टिक्स और इंडोर खेलों के लिए अलग-अलग स्टेडियम और प्रशिक्षण सुविधाएं एक ही परिसर में होंगी।

इनमें से कई का निर्माण चल रहा है, जबकि कुछ का निर्माण बाकी है। अभी मप्र में ऐसा कोई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नहीं है, जहां इतनी खेल सुविधाएं एक साथ हों। नाथूबरखेड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को पहला अंतरराष्ट्रीय आयोजन भी मिल चुका है। अक्टूबर-नवंबर में यहां महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप होगी। इसमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के अनुसार, संबंधित खेल महासंघों के मानकों के अनुरूप राष्ट्रीय प्रतियोगितियों की मेजबानी के लिए दावेदारी की जाएगी। पहला कदम महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप से शुरू हो चुका है।



### सबसे बड़ी ताकतः पूरा स्पोर्ट्स इकोसिस्टम

प्रशिक्षण, खिलाड़ियों के हॉस्टल, स्पोर्ट्स साइंस, स्पोर्ट्स मेडिसिन और रिकवरी सेंटर को एक ही परिसर में विकसित किया जा रहा है, ताकि राष्ट्रीय शिविर भी भोपाल आ सकें।

भोपाल के पास पहले से बिशनखेड़ी में शूटिंग अकादमी, बड़े तालाब पर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, टीटी नगर स्टेडियम, साई (साई) एथलेटिक्स सेंटर और ऐशबाग स्टेडियम जैसे स्थापित खेल केंद्र हैं। इन्हें नाथूबरखेड़ा इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जोड़कर शहर में प्रशिक्षण, प्रतियोगिता और हाई-परफॉर्मेंस का एकीकृत खेल नेटवर्क विकसित किया जा सकता है।

### सबसे बड़ी चुनौतीः खाली नहीं रहने चाहिए स्टेडियम

राष्ट्रीय शिविर, लीग और प्रतियोगितियों का नियमित कैलेंडर तैयार करना होगा। परियोजना की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि यहां सिर्फ इक्का-दुक्का आयोजन नहीं, बल्कि लीग, चैंपियनशिप, राष्ट्रीय शिविर होते रहें।

### सबसे बड़ा फायदाः खेल से अर्थव्यवस्था चलेगी

- बड़े खेल आयोजन बढ़ने से खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। होटल, पर्यटन, परिवहन, व्यापार व रोजगार को नई गति मिलेगी। अहमदाबाद और भुवनेश्वर इसका उदाहरण हैं।
- पूरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 140 एकड़ में बन रहा है। इसका निर्माण 3 चरणों में हो रहा है। पहले चरण में 350 करोड़, दूसरे में 450 करोड़ लागत आएगी। अब तक कुल ?800 करोड़ स्वीकृत किए जा चुके हैं।

## रीवा के एमपी-यूपी बॉर्डर चाकघाट में 2 किमी लंबा जाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रीवा

रीवा एमपी-यूपी बॉर्डर के चाकघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। प्रयागराज में ट्रकों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के बाद बुधवार शाम से चाकघाट बॉर्डर पर वाहनों की कतार लगनी शुरू हुई, जो गुरुवार सुबह तक करीब 2 किलोमीटर तक पहुंच गई। जाम की स्थिति 12 घंटे से अधिक समय से बनी हुई है।

ट्रक चालकों के मुताबिक, प्रयागराज में कांवड़ियों की संख्या बढ़ने के कारण ट्रकों के आवागमन पर रोक लगाई गई है। इसके चलते बड़ी संख्या में ट्रक चाकघाट बॉर्डर पर पहुंचकर फंस गए। वाहनों की संख्या लगातार बढ़ने से हाईवे पर लंबी कतार लग गई। जाम के कारण चाकघाट से प्रयागराज और रीवा की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वाहनों को धीरे-धीरे आगे निकाला जा रहा है, जिससे जाम कम होने लगा है। हालांकि, बड़ी संख्या में ट्रक और अन्य वाहन अभी भी कतार में खड़े हैं। रीवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रयागराज की तरफ से केवल ट्रकों के आवागमन को रोका गया है, जबकि अन्य वाहनों की आवाजाही जारी है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन की कार्रवाई के बाद धीरे-धीरे वाहनों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## दाऊद की पार्टी में गाने पर बोले कुमार सानू, अनु मलिक लेकर गए, अखबार में फोटो छपी तब डर लगा



प्लेबैक सिंगर कुमार सानू ने 90 के दशक में अंडरवर्ल्ड से जुड़े अपने अनुभवों का खुलासा किया है। लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में कुमार सानू ने बताया कि म्यूजिक डायरेक्टर नदीम और अनु मलिक उन्हें दुबई में एक बर्थडे पार्टी में गाने के लिए ले गए थे, जहां अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम भी मौजूद था। बाद में जब अखबारों में तस्वीरें छपीं, तब उन्हें मामले की गंभीरता समझ आई। इसके अलावा उन्होंने गैंगस्टर अबू सलेम के शो में भी गाना गाया था। पुलिस की चेतावनी और गिरफ्तारी की धमकी के बावजूद वे अपनी मजबूरी का हवाला देकर गाने गए थे।

### दुबई में दाऊद के सामने गाया गाना

कुमार सानू ने बताया कि म्यूजिक डायरेक्टर नदीम उन्हें दुबई ले गए थे। उन्हें सिर्फ इतना बताया गया था कि किसी की बर्थडे पार्टी में गाना है। वहां दाऊद इब्राहिम अपने परिवार के साथ सामने बैठा था। उस इवेंट में अनु मलिक भी मौजूद थे। सानू ने बताया कि दाऊद ने उनके स्टेज पर गाए जाने वाले पसंदीदा गानों की रिक्वेस्ट की थी। उस वक्त उन्हें अंदाजा नहीं था कि वे किसके शो में आए हैं। जब भारत लौटने के बाद अखबारों में उनकी फोटो छपी, तब उन्हें डर लगा कि उन्होंने क्या कर दिया है। उस मुलाकात के बाद वे कभी दाऊद से नहीं मिले।

### अबू सलेम के शो पर पुलिस की चेतावनी, फिर भी गाने गए

गैंगस्टर अबू सलेम से जुड़ा एक वाकया शेयर करते हुए सानू ने बताया कि उनसे कुछ लोगों ने पैसों की मांग की थी। सानू ने पैसे देने से मना कर दिया और कहा कि अगर कोई काम या शो हो तो वे गाना गा सकते हैं। इसके बाद वे अबू सलेम के एक शो में गाने के लिए दुबई गए।

जाने से पहले पुलिस स्टेशन से फोन आया था और वहां न जाने की सलाह दी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि अगर वे गए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पर सानू ने कहा कि वे सिंगर हैं और गाना उनकी मजबूरी है, इसलिए पुलिस उन्हें सुरक्षा दे। सुरक्षा न मिलने पर भी वे गए, परफॉर्म किया और सुरक्षित वापस लौट आए।

## 'रामायण' की आलोचना पर बोले रणबीर कपूर



नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' के टीजर और ट्रेलर में दिखाए गए वीएफएक्स की आलोचना पर रणबीर का बयान सामने आया है। 'कोलाइडर' को दिए एक इंटरव्यू में फिल्म के मुख्य अभिनेता रणबीर कपूर, निर्देशक नितेश तिवारी और को-प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने ट्रोल्स को जवाब दिया है। दरअसल ट्रेलर लॉन्च होने के बाद फिल्म के ग्राफिक्स की आलोचना की जा रही थी। इस पर रणबीर कपूर ने कहा कि स्मार्टफोन और खराब इंटरनेट कनेक्शन पर लोग ट्रेलर देखकर विजुअल इफेक्ट्स को जज कर रहे हैं। मेकर्स ने दर्शकों से फिल्म को आईमेक्स 3डी में देखने का आग्रह किया है और बताया कि अभी वीएफएक्स का काम पूरा होना बाकी है। रणबीर कपूर ने कहा कि जिन लोगों को कंप्यूटर ग्राफिक्स की जानकारी नहीं है, उन्हें लगता है कि सब कुछ सिर्फ एआई से बना दिया गया है।

## सलमान ने जीने के हैं चार दिन पर किया डांस



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो अपनी फिल्म मुझसे शादी करोगी के आइकॉनिक गाने जीने के हैं चार दिन पर डांस करते नजर आ रहे हैं।

उनके आसपास मौजूद लोग उनके एनर्जेटिक परफॉर्मेंस के दौरान चीयर और सीटियां बजाते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि, अभी तक वीडियो को लेकर जानकारी सामने नहीं आई है कि यह कहां और कब का है। शनिवार को रियलिटी शो 'अलायंस' के खत्म होने के बाद सोहेल खान ने मुंबई में एक सक्सेस पार्टी रखी। इस पार्टी में सलमान ऑल ब्लैक लुक और सिर पर हैट पहनकर स्वैग वाले अंदाज में पहुंचे थे। पार्टी में एंट्री के दौरान जब बाहर खड़े पैपराजी जोर-जोर से चिल्लाने लगे, तो सलमान ने उंगली उठाकर उन्हें शांत रहने का इशारा किया। सलमान ने पैपराजी से इशारे में कहा कि रात काफी हो चुकी है, इसलिए शोर कम मचाएं

सलमान खान ने हाल ही में बताया कि इंटरनेशनल एक्शन थ्रिलर फिल्म '7 डॉग्स' 21 अगस्त को भारतीय थिएटर्स में लगेगी। इसमें सलमान और संजय दत्त कैमियो रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बिलाल फल्लाह और आदिल एल अरबी ने किया है। इस फिल्म में मिस्र के स्टार्स करीम अब्दुल-अजीज और अहमद एज मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### बोलीं- जब देखो पाकिस्तान के प्रेम में मरे रहते हैं; यह लव स्टोरी खत्म कब होगी?

## नसीरुद्दीन शाह को लोमड़ी कहने पर कंगना की सफाई

कंगना रनोट ने सीनियर एक्टर नसीरुद्दीन शाह को ह्यलोमड़ीह्ण कहने को लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री का यह रवैया नया नहीं है। कंगना के मुताबिक, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान पर कई लोगों ने ह्यघड़ियाली आंसूह्ण बहाए थे, लेकिन अब झारखंड में बच्चों के साथ कथित ज्यादती पर वही लोग चुप हैं।

कंगना ने कहा, जब संसद पर अटैक हो रहा था, मेरे कई सांसद दोस्तों की गाड़ियों पर लोग चढ़ गए थे और उनके शीशे तोड़ दिए गए थे। मेरे घर के बाहर भी करीब 2,500 लोग जमा थे। इतनी पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी कि रात को हम सो नहीं पाए। उस समय ये लोग घड़ियाली आंसू रो रहे थे, लेकिन अब जब झारखंड में बच्चों पर जुल्म हो रहे हैं, तो क्या वो जेन-जी नहीं हैं?

उन्होंने आगे कहा कि देश और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने वालों को ही जेन-जी मानना गलत है। कंगना बोलीं कि वह खुद युवा हैं, कामकाजी महिला हैं और करियर बनाने वाली महिला हैं। इसलिए उन्हें युवा-विरोधी बताना सही नहीं है।

कंगना ने फिल्म इंडस्ट्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जंतर-मंतर के मुद्दे पर आंसू बहाने वालों को झारखंड में बच्चों के लिए भी आवाज उठानी चाहिए। नसीरुद्दीन शाह के वीडियो का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि उन्होंने वीडियो में ऐसी बातें और धमकियां दी थीं, जिन्हें वह बेहद आपत्तिजनक मानती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के निर्वाचित नेता हैं और लोकतंत्र की गरिमा के तहत उनके पद का सम्मान किया जाना चाहिए।

कंगना ने कहा, इतनी गंदी-गंदी, इतनी भद्दी-भद्दी बातें और धमकाना, 'देश से निकल जाओ', 'तुम्हें जला देंगे', 'तुम्हें मार देंगे', यह क्या, कोई आपको लगता है, क्या यह सभ्य बातें हैं?



### नसीरुद्दीन शाह को लेकर कंगना ने क्या कहा था?

दरअसल, नसीरुद्दीन शाह पर पीयूष मिश्रा के बयान पर रिएक्शन देते हुए कंगना रनोट ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था, सच तो यह है कि हर कोई किसी न किसी का कुत्ता है, लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैं जिस घर (देश) की रोटी खाती हूं, उसकी रखवाली करती हूं और उसके लिए लड़ती हूं। नसीर साहब खाते तो इस देश का हैं, लेकिन लड़ते पड़ोसी देश के लिए हैं। आज के समय में इंसानों के लिए कुत्ता कहलाना भी एक तारीफ है, क्योंकि वफादारी और क्यूटनेस अब बहुत दुर्लभ हो गई है। नसीरुद्दीन जैसे लोमड़ी बनने से तो कुत्ता बनना ही बेहतर है। दरअसल, दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट पर शुरूआत में सेलेब्स की चुप्पी पर बात करते हुए नसीरुद्दीन शाह ने द वायर से बात करते हुए कहा था, ह्यसेलेब्स तब बोलेंगे, जब उनका जमीर उनसे ऐसा करने को बोलेगा।

### पाकिस्तान प्रेम पर कंगना ने सवाल उठाया



कंगना ने कहा, और जब देखो, जो चाहे उनकी फिल्में हों, चाहे उनकी बातें हों, चाहे उनके इंटरव्यूज हों, यह पाकिस्तान की प्रेम कथा कब खत्म होगी? जब देखो पाकिस्तान के प्रेम में यह मरे रहते हैं। मैं जानना चाहती हूं कि अब बंटवारे को इतने साल बीत चुके हैं, फिर यह प्रेम कहानी खत्म क्यों नहीं हो रही है?उन्होंने आगे कहा, ;जब इतने ज्यादा, चाहे वो पहलगाम अटैक हो, चाहे वो हमने ऑपरेशन सिंदूर किया हो, देश कहीं और जा रहा है, सेनाएं कहीं और जा रही हैं, नागरिकों का कहीं कुछ और संघर्ष हैं पड़ोसी देशों को लेकर, यह बॉलीवुड की लव स्टोरी पाकिस्तान के साथ खत्म कब होगी?'

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!



कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो भूत वाली मूवी देखो... कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

## वर्ग पहेली





**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

---------------

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | | + | | - | | + | | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | | + | | + | | + | | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | | - | | + | | + | | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ____ का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 13 अगस्त, 2026



## फैसला : एन चंद्रशेखरन अगले वर्ष टाटा संस छोड़ेंगे

**नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को पद से हटने की घोषणा की। उनका कार्यकाल फरवरी 2027 में पूरा होगा, तब तक वे पद पर बने रहेंगे। उन्हें 2017 में टाटा संस का चेयरमैन बनाया गया था। चंद्रशेखरन ने बताया कि उन्होंने टाटा संस के निदेशक मंडल को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उनका यह फैसला 18 अगस्त को होने वाली वार्षिक आम बैठक और उनकी पुनर्नियुक्ति पर जारी गतिरोध के बीच आया है। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा, चंद्रशेखरन के पद पर बने रहने के खिलाफ माने जाते हैं। सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने उनका कार्यकाल पांच वर्ष बढ़ाने की सिफारिश की थी पर एक निदेशक के समर्थन न करने से इसे मंजूरी नहीं मिल सकी।

## सख्ती: दस मिनट में नहीं पहुंची एंबुलेंस तो जुमार्ना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटना की सूरत में एंबुलेंस को अनिवार्य तौर पर 10 से 15 मिनट में पहुंचना होगा। ऐसा नहीं होने पर ठेकेदारों और एजेंसियों भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के नए दिशा-निर्देशों के तहत 1033 हेल्पलाइन पर कॉल दर्ज होने के तुरंत बाद अलर्ट जारी होगा। सूचना मिलने के दो मिनट के भीतर एंबुलेंस को रवाना होना पड़ेगा और निकटतम स्थान से अधिकतम 10 से 15 मिनट के भीतर घायलों तक पहुंच उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाना होगा। निर्देशों के अनुसार, रवानगी में देरी पर 2 मिनट के बाद 5,000 रुपये प्रति मिनट का जुमार्ना लगेगा। कॉल न उठाने या एंबुलेंस अनुपलब्ध रहने पर 10,000 प्रति घटना और कारण बताओ नोटिस। वहीं जीपीएस डिवाइस बंद मिलने पर 2,500 प्रति दिन जुमार्ना लगेगा।

## ओ-जोन दो हिस्सों में बंटेगा, पक्के निर्माण पर रोक रहेगी

**नई दिल्ली।** मास्टर प्लान-2047 में यमुना के ओ-जोन को दो हिस्सों में बांटने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत फ्लडप्लेन के कोर एरिया में किसी भी तरह के पक्के निर्माण की अनुमति नहीं होगी, जबकि दूसरे हिस्से में पार्क जैसी कुछ मनोरंजक गतिविधियों से जुड़े निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी। हालांकि, इनको निर्धारित नियमों और पर्यावरणीय शर्तों के तहत ही अनुमति मिलने की बात सामने आई है। डीडीए के अधिकारी ने बताया कि कोर एरिया को अधिक संवेदनशील मानते हुए वहां कंक्रीट आधारित संरचनाओं पर रोक रहेगी। इसका उद्देश्य यमुना के बाढ़ क्षेत्र की प्राकृतिक स्थिति और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को बनाए रखना है। वहीं, दूसरे हिस्से में सीमित मनोरंजक गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी। इसमें पार्क जैसी सुविधाओं के लिए जरूरी निर्माण शामिल हो सकते हैं। ओ-जोन के विभाजन का उद्देश्य यमुना के संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र को संरक्षित रखने के साथ-साथ ऐसे क्षेत्रों में नियंत्रित सार्वजनिक और मनोरंजक सुविधाओं के विकास का रास्ता तैयार करना है।

## हालात : हरिद्वार में 150 ट्रक कूड़ा छोड़ गए कांवड़िए

**हरिद्वार।** कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में हरिद्वार पहुंचे शिवभक्तों की भीड़ के कारण शहर में भारी मात्रा में कूड़ा जमा हो गया। यात्रा के सिर्फ अंतिम दो दिनों में कांवड़िये 1500 मीट्रिक टन यानी करीब 150 ट्रक कूड़ा छोड़ गए। सोमवार देर रात तक कांवड़ियों की भीड़ कम होने के बाद नगर निगम की टीम ने घाटों और अन्य क्षेत्रों में सफाई अभियान शुरू किया। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांवड़ मेला क्षेत्र से दो दिन का जमा करीब 1500 मीट्रिक टन कूड़ा नगर निगम की टीम ने उठाया। हरिद्वारा में गत 30 जुलाई से शुरू हुई कांवड़ यात्रा में देश के अलग-अलग राज्यों से करोड़ों शिवभक्त हरिद्वार पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर स्नान कर गंगाजल भरा और गंतव्य की ओर रवाना हुए। यात्रा के शुरूआती चरण से ही नगर निगम की टीमें गंगा घाटों, कांवड़ पटरी और मेला क्षेत्र से नियमित रूप से कूड़ा उठाती रहीं। हालांकि, अंतिम दो दिनों में अत्यधिक भीड़ के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने बुधवार को बताया कि सफाई अभियान में तेजी लाई गई है। हरकी पैड़ी से लेकर पुल जटवाड़ा तक सभी गंगा घाटों और कांवड़ पटरी से दो दिनों में करीब 1500 मीट्रिक टन कूड़ा उठाया गया। 30 जुलाई से आठ अगस्त तक 5500 मीट्रिक टन कूड़ा नगर निगम की टीम द्वारा उठाया गया था।

## अरुणाचल जाने वाली सड़कों पर नाकेबंदी

**नॉर्थ लखीमपुर/ इंफाल।** असम के मिसिंग समुदाय के मुख्य छात्र संगठन ताकम मिसिंग पोरिन केबांग (टीएमपीके) ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी शुरू कर दी। उधर, मणिपुर के उखरुल जिले में कुकी संगठनों के एक समूह ने राज्य के गृह मंत्री गोविंदस कोंथौजम के साथ बातचीत के बाद एनएच-202 पर चल रही नाकेबंदी हटा ली है।

# मानसून सत्र का आज आखिरी दिन, जंतर-मंतर प्रदर्शन पर शाह जवाब दे सकते हैं, रिजिजू बोले- विपक्ष चाहे तो सत्र बढ़ा सकते हैं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली




मानसून सत्र का आज आखिरी दिन है। 20 जुलाई से शुरू हुए सत्र में विपक्ष ठएएळ पेपर लीक और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर लगातार हंगामा कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने जंतर-मंतर प्रदर्शन पर संसद में चर्चा की पेशकश करते हुए स्पीकर को पत्र लिखा है। समय तय होने पर वे गुरुवार को जवाब दे सकते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष को शाह का लेक्चर नहीं चाहिए, पहले बताएं कि छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ह्यमैं पूरी तरह निराश हूं। सरकार चर्चा चाहती है, लेकिन विपक्ष भाग रहा है।ह्ल उन्होंने कहा कि विपक्ष तैयार हो तो सत्र बढ़ाया जा सकता है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर गई है। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया।

वहीं राज्यसभा ने 'माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज डेवलपमेंट (अमेंडमेंट) बिल, 2026' पास कर दिया गया। इस बिल का मकसद टरटए को पेमेंट में देरी की समस्या को हल करना है। इसके बाद सदन की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई।

विपक्षी सांसदों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन आने और उनके बयान की मांग करते हुए नारे लगाए। संसद के मौजूदा सत्र में 8 बिल लिस्ट किए गए हैं। इनमें से वंदे मातरम और पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल (पेपर लीक) दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन बिल लोकसभा में और विकास (संशोधन) बिल राज्यसभा में पास हुआ है।

# जांच समिति को नोटों के बंडल और उनके स्रोत को लेकर नहीं दिया संतोषजनक जवाब

## जस्टिस वर्मा करते रहे टालमटोल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली



जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से नगदी बरामद होने के मामले में लोकसभा द्वारा गठित जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को सही और सिद्ध पाया है। इनमें अघोषित भारी नगदी की मौजूदगी, साक्ष्यों के संरक्षण में लापरवाही और जांच के दौरान टालमटोल व असंतोषजनक जवाब देना शामिल है।

समिति की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना के पीछे न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ किसी भी तरह की साजिश होने का कोई सबूत नहीं मिला। समिति ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा अपने सरकारी आवास के स्टोर रूम में मिले नोटों के बंडल, उनके स्रोत और उनके मालिकाना हक को लेकर कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे। जांच में पाया गया कि स्टोर रूम से संबंधित साक्ष्यों को वैध तरीके से सील किए जाने से पहले उनके साथ छेड़छाड़ की गई थी, रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि बाद में कुछ नोट वहां से गायब मिले।

### इस्तीफे को लेकर यह है प्रक्रिया

शीर्ष कोर्ट के फैसले के अनुसार जब कोई न्यायाधीश राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंप देता है और उसकी प्रति सार्वजनिक की जाती है, तो यह माना जाता है न्यायाधीश ने इस्तीफा दे दिया है। जानकारों के अनुसार, न्यायाधीश का इस्तीफा राष्ट्रपति की स्वीकृति पर निर्भर नहीं करता। प्रक्रिया के तहत राष्ट्रपति औपचारिक रूप से इस्तीफा स्वीकारते हैं, जिसके बाद कानून मंत्रालय का न्याय विभाग इसकी अधिसूचना जारी करता है।

**महाभियोग प्रस्ताव-** जुलाई 2025 में 200 से अधिक सांसदों ने न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे।

**14 मार्च 2025:-** दिल्ली स्थित सरकारी आवास के स्टोर रूम में आग लगी, आग बुझाने के दौरान स्टोर रुम से कथित तौर पर अधजली नोटों की गड्डियां मिलीं, जांच शुरू हुई।

### वर्तमान स्थिति और आगे का असर

विवाद गहराने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा ने न्यायाधीश पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के कारण संसद के माध्यम से पद से हटाने की प्रक्रिया की व्यावहारिक स्थिति बदल गई। हालांकि, इस्तीफे की औपचारिक अधिसूचना को लेकर प्रक्रिया और कानूनी स्थिति पर चर्चा जारी है। जांच समिति की रिपोर्ट में आरोपों के सिद्ध पाए जाने के बाद इस मामले का प्रभाव न्यायिक जवाबदेही और न्यायपालिका की संस्थागत पारदर्शिता के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में अन्य वैधानिक अथवा जांच संबंधी कार्रवाई की संभावनाओं पर भी चर्चा हो सकती है।

# जेल में प्रज्वल रेवन्ना के फोन से मिले 90 पोर्न-वीडियो



## रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में बंद पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मोबाइल फोन में 90 पोर्न वीडियो मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब्त फोन की फोरेंसिक जांच की जा रही है। जांचकर्ता डिवाइस में मौजूद सभी वीडियो फाइल, तस्वीरों और दूसरे डिजिटल डेटा की जांच कर रहे हैं।

जांच में पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि सामग्री कहां से आई, कब डाउनलोड की गई और रेवन्ना से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही में इसका कोई संबंध है या नहीं। अब फोन मिलने के बाद नई एफआईआर दर्ज की गई है। इसी जेल में बंद अंडरट्रायल कैदी प्रताप राय को भी इस केस में नामजद किया गया है।

सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को जेल में छापेमारी की थी। जेल डीजी अलोक कुमार ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। प्रज्वल जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एचडी रेवन्ना का बेटा और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का पोता है। वह महिलाओं से रेप केस में अगस्त 2025 से उम्रकैद की सजा काट रहा है।

### मेड ने कई बार रेप का आरोप लगाया था

प्रज्वल के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने अप्रैल 2024 में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने प्रज्वल पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने के आरोप लगाए थे।

कोर्ट ने 18 जुलाई 2025 को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। प्रज्वल के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। प्रज्वल को एक अगस्त 2025 को पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव्स की स्पेशल कोर्ट ने दोषी ठहराया था। उसे अगले दिन 2 अगस्त को उम्रकैद की सजा सुनाई गई और 11.50 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया। इसमें से 11.25 लाख रुपए पीड़ित को देने का निर्देश दिया गया था। प्रज्वल के खिलाफ रेप के तीन और मामले चल रहे हैं। इन मामलों की सुनवाई अभी बाकी है।

# तीन देशों में पांच हजार किलोमीटर लंबा बादलों का घेरा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली




अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों में दक्षिण एशिया के मानसून सिस्टम का नया रूप सामने आया है। मौसम वैज्ञानिकों को पांच हजार किलोमीटर लंबा मानसून बादलों का गलियारा दिखाई दिया है, जो पाकिस्तान से शुरू होकर उत्तर भारत होते हुए चीन तक फैला हुआ है।

वैज्ञानिकों ने इसे लंबी बनावट से मानसून रेन हाईवे नाम दिया है। नासा के उपग्रह एमओडीआईएस और वीआईआईआरएस के अलावा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के उपग्रहों से ये तस्वीरें ली गई हैं। बता दें, रेन हाईवे एक विस्तृत वायुमंडलीय गलियारे के साथ विकसित होने वाले कई बादल और तूफान प्रणालियों का एक समूह होता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, जब एक ही क्षेत्र में एक साथ कई तूफान आते हैं, तो उनके बादलों का दायरा फैल जाता है और वे आपस में जुड़ जाते हैं। अंतरिक्ष से देखने पर यह कई अलग बादलों के बजाय एक विशाल लंबी व पट्टी जैसी दिखाई देती है।

## बिहार की 26 नदियां श्रावण मास में भी सूखी

**पटना।** सावन में भी राज्य की नदियां सूखी हैं। 26 नदियां ऐसी हैं जो पूरी तरह सूखी हैं या उसमें मापी के लायक पानी नहीं है। उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिण का बुरा हाल है। दक्षिण के नालंदा में सबसे अधिक आठ नदियां सूखी हुई हैं। बारिश की यही स्थिति रही तो इन नदियों में इस वर्ष पानी आ पाएगा, इस पर संशय है। जल संसाधन विभाग राज्य की 81 नदियों के पानी की मापी करता है। इसके लिए 117 स्थानों पर रेनगेज की सुविधा है। बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार राज्य की 26 में से 16 नदियों में इतना पानी नहीं है कि उसकी मापी हो सके। वहीं 10 नदियां पूरी तरह सूखी हुई है।

# हाईराइज इमारतों से बदलेगा दिल्ली शहर का स्वरूप

## 30 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा, लैंड पूलिंग नीति में 105 गांव शामिल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली



### 20 लाख नए रोजगार और व्यापार उत्पन्न होंगे

दल्ली देहात विकास मंच (डीडीवीएम) के दिल्ली मास्टर प्लान समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र बजाड ने बताया कि मास्टर प्लान-2047 के स्वीकृत होने से डीडीए की लैंड पूलिंग नीति और जीडीए नीति के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। इससे दिल्ली में 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने की संभावना है। इसमें 20 लाख नए रोजगार और व्यापार उत्पन्न होंगे।

नए मास्टर प्लान-2047 में यूईआर-2 के पास 250 मीटर के क्षेत्र में हाईराइज इमारतों को तैयार करने की योजना बनाई जाएगी। दिल्ली में अब तक कनॉट प्लेस में ही हाईराइज इमारतों का निर्माण हुआ है।

डीडीए की ओर से भी कड़कड़डूमा टावरिंग हाइट्स आवास योजना के तहत ऊंची इमारतों का निर्माण किया गया है। कुछ स्थानों पर भी निजी बिल्डरों ने बड़ी टाउनशिप खड़ी की हैं। मास्टर प्लान के तहत दिल्ली के 174 गांवों के विकास कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही, रिहायशी आवास योजना और व्यासायिक हब बनाने में सहयोग मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा बाहरी दिल्ली के सिंधू बॉर्डर के आसपास के गांव से लेकर नजफगढ़ के पास ढांचा बॉर्डर तक के कई गांवों को मिलेगा। इसके अलावा कई दक्षिणी दिल्ली के हरियाणा और यूपी के बॉर्डर से सटे गांवों में भी विकास कार्यों में तेजी आएगी।

सूत्रों के अनुसार, लैंड पूलिंग नीति के तहत दिल्ली के 105 गांवों को विकसित किया जा रहा है। अब इस नीति को टाउन प्लानिंग में परिवर्तित किया जाएगा। इस परियोजना में छह जोन बनाए गए हैं। इन सभी जोन में विभिन्न सेक्टर हैं। इस नीति में अब तक डीडीए की निगरानी में एक कंसोर्टियम (संघ) का गठन किया जाना अनिवार्य था। इसके तहत जमीन मालिक कई लोगों के साथ मिलकर निर्धारित क्षेत्र की भूमि पर फ्लैटों के निर्माण को लेकर कंसोर्टियम बनाता था।

# अग्निवीरों के परिजनों को सैनिकों जैसी सुविधा संभव

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निवीरों के परिजनों को नियमित सैनिकों की भांति कुछ सुविधाएं देने की संसदीय समिति की सिफारिश पर रक्षा मंत्रालय गंभीरता से विचार कर रहा है। मौजूदा समय में अग्निवीरों के संघर्ष और ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर उन्हें सिर्फ बीमा राशि मिलती है। दो अलग-अलग योजनाओं के तहत यह राशि एक करोड़ रुपये होती है। हाल में रक्षा मंत्रालय से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशों में कहा था कि जो अग्निवीर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करते हैं, उनके परिवार के लिए भी कुछ किया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि ऐसे मामलों में अग्निवीरों के परिजनों को भी नियमित सैनिकों की भांति कुछ सुविधाएं देने पर सरकार विचार करे।

**संसदीय समिति ने की थी सिफारिश :** युद्ध में यदि नियमित सैनिक शहीद होते हैं या ड्यूटी के दौरान मृत्यु होती है तो उनके परिजनों को पेंशन मिलती है। घर के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाती है।

# कोलंबिया भूकंप के 2 दिन बाद मलबे में मिला नवजात बच्चा

## 5 मंजिला इमारत गिरी थी, रेस्क्यू टीम को आवाज देकर बोला शख्स- यहां बच्चे के साथ हूं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलंबिया





साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार रात आए 7.4 तीव्रता के भूकंप के करीब 48 घंटे बाद मलबे से एक बच्चे को जिंदा निकाला गया। बच्चा एक गिरी हुई पांच मंजिला रिहायशी इमारत के मलबे में फंसा था। उसके साथ एक आदमी भी दबा हुआ था।

यह रेस्क्यू बुधवार को भूकंप के बाद चल रहे तीसरे दिन के सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक, रेस्क्यू टीम ने बताया कि उन्हें मलबे के नीचे से एक आदमी की आवाज सुनाई दी। आदमी ने कहा- ह्यहां, मैं यहीं हूं। मैं एक बच्चे के साथ हूं।ह्ल इसके बाद मौके पर मौजूद रेस्क्यू टीम और बाकी लोगों ने तुरंत हाथों से मलबा हटाना शुरू कर दिया।

एक भारी कंक्रीट स्लैब के नीचे एक शख्स और नवजात बच्चा फंसा हुआ था। लोगों ने स्लैब को उठाया और दोनों को बचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बच्चे का सिर नीला पड़ गया था, क्योंकि उसे सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि कोलंबिया में जान-माल के नुकसान से वे बेहद दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा कि भारत जरूरत पड़ने पर कोलंबिया को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है।

कोलंबिया के राष्ट्रपति अबेलार्डो डे ला एस्प्रिएला ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रिसाराल्दा प्रांत में प्रभावित लोगों को 3 महीने तक घरेलू सेवाओं के बिल से राहत देने का आदेश दिया है। जिन लोगों के घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं, उन्हें अस्थायी आवास के लिए आर्थिक मदद दी जाएगी। बाद में घरों की मरम्मत और दोबारा निर्माण में भी सहायता दी जाएगी।

परेरा शहर में अकेले 60 लोगों की मौत हुई है। करीब 5 लाख की आबादी वाला यह शहर भूकंप के केंद्र से 64 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। राजधानी बोगोटा समेत कई शहरों में भी तेज झटके महसूस किए गए। एहतियात के तौर पर लोग इमारतों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप सोमवार सुबह करीब 7:34 बजे आया। इसका केंद्र चोको इलाके में सैन जोसे डेल पालमार के पास था।

■ वर्ष-12 अंक-281 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 13 अगस्त, 2026

### सुभाषितानि

सत्येनोत्पद्यते धर्मो दयादानेन वर्धते।
क्षमायां स्थाप्यते धर्मो क्रोधलोभा द्विनश्यति।।

**भावार्थ** : धर्म सत्य से उत्पन्न होता है, अच्छाई और दान से बढ़ता है, क्षमा से स्वयं को स्थापित करता है, और क्रोध और लोभ से नष्ट हो जाता है।

**धर्मस्य फलमिच्छन्ति धर्मं नेच्छन्ति मानवाः।**
**फलं पापस्य नेच्छन्ति पापं कुर्वन्ति सादराः।।**

**भावार्थ** : लोग धर्म का फल चाहते हैं, लेकिन धर्म का पालन नहीं। और पाप का फल नहीं, वरन अहंकार से पाप करना चाहते हैं!

## सम्पादकीयम्

### दृष्टिकोणानां संवेदनशीलतायाः

370 मूल्यस्य बिरयानी इत्यनेन एकस्याः युवतीयाः 'मूल्यं' निर्धारितं, 'सभ्य' समाजः च हसति, तालीवादनं च कृतवान्। भारतं संस्कृतिमूल्यानां भूमिः इति कथ्यते, यत्र प्राचीनश्लोकेषु स्त्रियः पूज्यन्ते–यात्रा नार्यस्तु पूज्यन्ते (यत्र नारीपूज्यते...)। केवलं एकः लघुः तकनीकी-अवरोधः अस्ति यत एषः श्रद्धः पुस्तकेषु, भाषणेषु, व्हाट्सएप्-स्थितौ च सीमितः अस्ति। यथार्थतः सा एव महिला ३७० बिरयानीयाः मूल्यं न्यूनीभवति। तदनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु कोलाहलस्य मध्ये युवकस्य कार्यं त्यक्तम्, प्राथमिकी कृता, महिलाआयोगेन च अस्य विषयस्य संज्ञानं गृहीतम्। एतेषु कार्येषु केचन सन्तुष्टिं प्राप्नुवन्ति चेदपि बहवः भ्रान्ताः भवन्ति-किमर्थं सः निष्कासितः इति चिन्तयन्तः सवेषां उपरि किं आगतं इति पृच्छन्ति; किन्तु सः केवलं विनोदं न करोति स्म वा? भवन्तः सम्भवतः तत् वायरल् भिडियो दृष्टवन्तः। गुरुग्रामस्य एकः निगमकर्मचारिणः स्टैण्ड-अप-हास्य-प्रदर्शनस्य चचायां स्नानः, 370-रूप्यकाणां बिरयानी-इत्यस्याः महिलायाः उपचारस्य विषये, तस्य 'निवेशस्य' प्रतिफलं प्राप्तुं सः प्रयुक्तानां रणनीतीनां विषये च आत्मविश्वासेन कथयति एतत् जिह्वायाः स्खलनं नासीत्; तत् जानी-बुझकर सज्जतापूर्वकं सेविता मानसिकता आसीत्।

देशे प्रत्येकं त्रयेषु वकिलेषु एकः नकली अस्ति

## इलाहाबादनगरे एव सहस्राधिकाः प्रकरणाः सन्ति, प्रमुखकायार्णां सज्जता प्रचलति...

### सर्वोच्चन्यायालयः केन्द्रसर्वकारात् प्रतिक्रियां

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

देशे नकलीवकीलानां विरुद्धं बृहत्रूपेण दमनस्य सज्जता आरब्धा अस्ति। सर्वोच्चन्यायालयेन मंगलवासरे केन्द्रसर्वकारेण याचिकायां प्रतिक्रिया याचिता यत् नकलीवकीलानां विरुद्धं कार्यवाही कर्तुं सीबीआइ-संस्थायाः दायित्वं न्यस्तं भवतु इति। सुनवायीकाले मुख्यन्यायाधीशसूर्यकान्तस्य नेतृत्वे पीठिका अस्य विषयस्य गम्भीरः इति वर्णितवती। याचिकायां उक्तं यत् वकालतम् एकः महत्त्वपूर्णः व्यवसायः अस्ति, नकलीवकीलानां उपस्थित्या न्यायिकसंस्थायाः प्रतिष्ठा कलङ्किता भविष्यति।

याचिकायां भारतीय-बार-परिषद्-प्रमुखस्य मनन-मिश्रस्य वक्तव्यस्य उद्धरणं दत्तम् अस्ति, यस्मिन् उक्तं यत्, बार-मध्ये ३० तः ४० प्रतिशतं वकिलाः नकलीः सन्ति, अर्थात् देशे प्रत्येकं त्रयेषु वकिलेषु एकः वकिलः नकली अस्ति इति। तेषां विरुद्धं कठोरकायार्णां आवश्यकता वर्तते। २०२६ तमस्य वर्षस्य जूनमासे बार काउन्सिलस्य वकिलौ प्रशांतकुमारः विपिन् नायरः च एतत् आँकडा सर्वोच्चन्यायालये प्रस्तुतवन्तौ, तर्कयन् यत् अस्मिन् विषये तत्कालं ध्यानस्य आवश्यकता वर्तते। यतः, एषः महत् विषयः अस्ति।

एतत् श्रवणकाले अभवत् राजा चौधरी नामकः वकिलः एतां याचिकाम् अङ्गीकृतवान्। न्यायालयस्य सुनवायीकाले राजा चौधरी इत्यनेन उक्तं यत् विधिव्यवसायस्य दुरुपयोगः क्रियते। ये जनाः वस्तुतः वकिलाः न सन्ति ते तस्य नाम्ना धनं गृह्णन्ति। इलाहाबाद उच्चन्यायालयेन एतादृशानां व्यक्तिनां विरुद्धं कार्यवाही आरब्धा अस्ति। मुख्यन्यायाधीशः सूर्यकान्तः प्रतिवदति स्म यत् १०५ प्रकरणाः ज्ञाताः सन्ति। याचिकाकर्ता अग्रे अवदत् यत् इलाहाबाद-बार-मध्ये एकसहस्राधिकाः नकलीवकीलाः कार्यं कुर्वन्ति। अन्येषु राज्येषु अपि एतादृशाः प्रकरणाः सन्ति इति सः दावान् करोति।



ननु कतिपयदिनानि पूर्वं कफीलखान बनाम उत्तरप्रदेशस्य प्रकरणे इलाहाबाद उच्चन्यायालयेन उक्तं यत् माफियासदस्याः कानूनीव्यवसाये कार्यं कुर्वन्ति, तेषां विरुद्धं कार्यवाही आवश्यकी इति। तदनन्तरं उत्तरप्रदेशे नकलीवकीलानां विरुद्धं कार्यवाही कृता अस्ति। इलाहाबादनगरे बार काउन्सिलस्य अनुशंसया ६८ वकिलानां विरुद्धं प्राथमिकीः कृताः सन्ति। यूपीपुलिसः कथयति यत् प्रायः १०० एफआइआर-पत्राणि दातव्यानि सन्ति। एतत् क्रमेण कार्यान्वितं भविष्यति यत् व्यवधानं न भवेत्। भारते कति वकिलाः सन्ति २०२३ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे राज्यसभायां प्रश्नस्य उत्तरे विधिमन्त्रालयेन उक्तं यत् भारते सम्प्रति २० लक्षं पञ्जीकृताः अधिवक्तारः सन्ति। बार काउन्सिलस्य अनुसारं प्रतिवर्षं प्रायः ८०,००० वकिलाः नामाङ्कनं कुर्वन्ति। विधिव्यवसाये प्रवेशार्थं विधिपदवी अनिवार्यम् अस्ति। अपि च, भारतीयस्य बार-परिषदः एकं परीक्षणं करोति, यत् उत्तीर्णं कृत्वा अभ्यासस्य अनुमतिं ददाति। भारतीय बार काउन्सिल वकिलानां प्रथानां प्रामाणिकताम् सत्यापयितुं प्रमाणपत्रस्य, अभ्यासस्थानस्य सत्यापननियमानां, २०१५ इत्यस्य उपयोगं करोति। अस्मिन् नियमे वकिलानां अभ्यासस्य विषये सूचनाः प्रत्येकं पञ्चवर्षेषु एकत्रिताः भवन्ति। वकिलाः बार काउन्सिलं सूचयितुं बाध्यन्ते यत् ते सम्प्रति कुत्र कियत्कालं यावत् कार्यं कुर्वन्ति।

पुलिस-आदेशस्य अनुसारं

## सर्वकारेण अपराधशाखायाः निर्देशः दत्तः आसीत्

ब्रह्मास्त्र ›› तिरुवनंतपुरम

पुलिसस्य मते केरललोकसेवाआयोगेन क्रियमाणानां कतिपयानां परीक्षानां मूल्याङ्कनप्रक्रियायां अनियमिततायाः आरोपानाम् विषये एषा जाँचः अस्ति। पुलिस-आदेशेन प्रकरणस्य गम्भीरता, शीघ्रं अन्वेषणं सुनिश्चितं कर्तुं आवश्यकता च प्रकाशिता।

पुलिस-आदेशस्य अनुसारं सर्वकारेण अपराधशाखायाः निर्देशः दत्तः आसीत् यत् सद्यः एव उपरि आगतानां आरोपानाम् व्यापकं जाँचं करणीयम्, येन एसआइटी-सङ्घटनस्य निमार्णं जातम्। एसआईटी-प्रमुखत्वेन पुलिस-महानिरीक्षिका एस.अजिता बेगमः नियुक्तः अस्ति; सा सम्प्रति तिरुवनन्तपुरे आर्थिकअपराधविङ्गस्य मुख्यालये महानिरीक्षकरूपेण कार्यं करोति। कथितानां अनियमितानां गम्भीरताम् अवलोक्य एसआइटीद्वारा अन्वेषणं प्रवर्तयितुं निर्णयः कृतः इति पुलिसेन उक्तम्। पुलिसेन एसआईटी-सङ्घटनं कृत्वा अपि नियुक्तिप्रतीक्षमाणानां पदधारकाणां मध्ये आक्रोशः न शान्तः। आन्दोलनकारिणः वदन्ति यत् यद्यपि अन्वेषणं प्रचलति स्यात् तथापि निर्धारितचयनप्रक्रियायाः सफलतापूर्वकं स्वच्छतां कृत्वा श्रेणीसूचौ स्थानं प्राप्तवन्तः अभ्यर्थिनः अनिश्चितकालं यावत् अनिश्चितकालं यावत् अनिश्चिततायां न त्यक्तव्याः। तेषां नियुक्तेः स्थितिः स्पष्टीकृत्य आवश्यकान् आदेशान् शीघ्रं निर्गन्तुं सर्वकारेण आग्रहः क्रियते। सचिवालयस्य बहिः प्रचलति विरोधस्य समये प्रदर्शनकारिणः सर्वकारस्य विरुद्धं नारा अपि उत्थापितवन्तः। ते कथयन्ति यत् ते शान्तिपूर्वकं स्वमागधान् दिवसान् यावत् दबावन्ति; तथापि यदा ठोसकार्याणि न कृता तदा ते भिन्नरूपेण विरोधस्य आश्रयं कृतवन्तः। तृणभक्षणस्य क्रिया अस्य गहनस्य कुण्ठायाः प्रतीकात्मकं अभिव्यक्तिः आसीत्। एतेन इशारेण आन्दोलनकारिणः ज्ञापयितुं प्रयतन्ते स्म यत् कार्याय चयनं कृत्वा एतादृशी दीर्घकालं प्रतीक्षायाः सामना करणं कियत् निराशाजनकं भवति।

## महुआ मोइत्रः राजनीतिं प्रविष्ट्वा अण्डानां भयं किमर्थं करोति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य सांसदः महुआ मोइत्रा सर्वोच्चन्यायालये यदा न्यायालयेन व्यक्तिगतरूपेण उपस्थितस्य स्थाने वीडियो सम्मेलनद्वारा अन्वेषणे सम्मिलितुं तस्याः आग्रहः अङ्गीकृतः-कथितरूपेण आपत्तिजनकस्य फेसबुक-पोस्टस्य विषये दाखिलस्य एफआईआर-सम्बद्धस्य विषये। सुनवायीकाले न्यायाधीशः दीपङ्करदत्तः मौखिकरूपेण टिप्पणीं कृतवान् यत्, यदि भवता राजनीतिषु प्रवेशस्य निर्णयः कृतः तर्हि अण्डेभ्यः किमर्थं भयम् अस्ति? अस्माकं स्वतन्त्रतासेनानीः वक्षःस्थलेषु गोलिकाः गृहीतवन्तः।

### राशिफल

**मेष** : नई जिम्मेदारियां आपकी क्रिएटिव स्किल को निखारेंगी। आज अपने पैसों को स्मार्ट तरीके और सावधानी के साथ हैन्डल करें।

**वृषभ** : जल्दबाजी में लिया निर्णय अनावश्यक मुश्किलें पैदा कर सकता है। करियर में ग्रोथ की काफी संभावना है।

**मिथुन** : मेंटल हेल्थ को हेल्दी रखें और पॉजिटिव बने रहें। परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में चल रही गलतफहमियां दूर हो सकती हैं।

**कर्क** : आज एक महत्वपूर्ण समय है। बदलाव को अपनाएं और नए रास्ते तलाशें, जो खुद ही सामने आ सकते हैं।

**सिंह** : सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए ओवर कमिटमेंट से बचें। किसी आकस्मिक मुलाकात से अच्छा कनेक्शन बन सकता है।

**कन्या** : आज धन-दौलत के मामले में कोई समस्या नहीं रहेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की जरूरत है।

**तुला** : सोच-समझकर डिसीजन लेने और अनुशासन बनाए रखने की आपकी क्षमता महत्वपूर्ण रहेगी।

**वृश्चिक** : आपका दिन उत्पादक रहेगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें, जबकि आर्थिक रूप से आप सफल रहेंगे।

**धनु** : काम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और इससे वेतन और पद में वृद्धि हो सकती है। धन संबंधी छोटी-मोटी परेशानियां हो सकती हैं।

**मकर** : सावधानी से हर एक कदम उठाएं। सफलतापूर्वक सिचूऐशन को पार करने के लिए खुद पर भरोसा रखें।

**कुंभ** : आज आपको अपने स्वास्थ्य पर भी नजर रखनी चाहिए। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए पैसे संभालकर खर्च करें।

**मीन** : आर्थिक रूप से आप भाग्यशाली हैं लेकिन आज अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मेहनत का फायदा मिलने के आसार हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य गोचर से इन राशि वालों को होगा मुनाफा, 1 महीने तक रहेगा गोल्डन टाइम

सूर्य का सिंह राशि में गोचर इन राशि वालों के लिए मान-सम्मान में वृद्धि के योग निर्माण कर रहा है। इसके अलावा जातकों को कार्यों में मनचाहा लाभ व लंबे समय से रुके हुए कार्यों में बड़ा मुनाफा भी हो सकता है।

साल 2026 में सूर्य का सबसे महत्वपूर्ण गोचर अगस्त महीने में होने जा रहा है। सूर्य 17 अगस्त को अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को ग्रहों का राजा माना गया है। उनका प्रभाव व्यक्ति के मान-सम्मान, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सफलता पर पड़ता है। ज्योतिषियों के अनुसार, जब सूर्य अपनी ही राशि सिंह में गोचर करते हैं, तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में यह समय कुछ राशियों के लिए नए अवसर, करियर में तरक्की, मान-सम्मान में वृद्धि और आर्थिक स्थिति में मजबूती लेकर आ सकता है। चूंकि सूर्य लगभग एक महीने तक इसी राशि में रहेंगे, इसलिए कुछ राशियों को सितंबर तक शुभ परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। इस दौरान रुके हुए कार्य पूरे होने और जीवन में सकारात्मक बदलाव आने के भी योग बनेंगे। आइए



जानते हैं कि सूर्य के इस गोचर से किन राशियों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है।

**सिंह राशि-** सूर्य का अपनी ही राशि में गोचर सिंह राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है। यदि आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार में भी लाभ के योग बनेंगे और आय में वृद्धि हो सकती है। सिंह राशि वालों के विदेश यात्रा के योग बन सकते हैं और आप अपने कामों को लेकर भी आगे बढ़ेंगे। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को रोजगार मिलने के योग हैं। निवेश से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

**तुला राशि-** सूर्य का यह गोचर तुला राशि वालों के लिए भी सुनहरे अवसर लेकर आ सकता है। आपकी मेहनत का पूरा फल मिलने की संभावना है। नौकरी में वेतन वृद्धि या पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको अपने दोस्तों की मदद से अच्छे अवसर भी मिल सकते हैं। कारोबारियों में बेहद शुभ परिणाम मिलने के योग हैं। अविवाहित लोगों के विवाह के योग बन सकते हैं और मनचाहा जीवनसाथी मिलने की संभावना रहेगी।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए सूर्य का सिंह राशि में गोचर लाभदायक माना जा रहा है। इस दौरान अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं और लंबे समय से अटका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी। व्यापार करने वाले लोगों को नए ग्राहक और अच्छा मुनाफा मिल सकता है। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी और निवेश से भी लाभ मिलने की संभावना है। परिवार के साथ संबंध बेहतर होंगे और आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिलेगी।

गेम शो का फॉर्मेट, हर एपिसोड में 2 परिवार आएंगे, अक्टूबर में आ सकता है शो

# रोहित शर्मा होस्ट के तौर पर टीवी पर डेब्यू करेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

क्रिकेटर रोहित शर्मा जल्द ही एक टीवी शो होस्ट करते हुए नजर आएंगे। द रोहित शर्मा शो नाम का यह शो सोनी टीवी और सोनी लिव पर स्ट्रीम होगा। हाल ही में शो का एक टीजर आया है।

सोनी ने अभी तक शो के फॉर्मेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। हालांकि, सोनी के प्रीव्यू पेज पर इसे रियलिटी शो के तौर पर लिस्ट किया गया है।

वहीं स्पोर्ट्स यारी के मुताबिक यह शो अमेरिका के फेमस शो फैमिली फ्यूड का भारतीय रूपांतरण होगा, जिसे स्टीव हार्वे होस्ट करते हैं।

**शो की शूटिंग सितंबर में शुरू हो सकती है-** यह क्विज शो नहीं, बल्कि गेम शो होगा, जिसमें दो परिवार हिस्सा लेंगे। इसकी शूटिंग सितंबर में शुरू हो सकती है, जबकि शो अक्टूबर में ऑन एयर हो सकता है।

रोहित इस प्रोजेक्ट पर करीब छह महीने काम करेंगे। इस दौरान हर हफ्ते एक एपिसोड प्रसारित किया जाएगा और शो फरवरी 2027 तक चल सकता है।

इससे पहले मई में शो से जुड़ा एक प्रोमो सामने आया था,



जिसमें रोहित शर्मा अपने समर्थकों के साथ बातचीत करते नजर आते हैं। इस दौरान फैंस उनसे उनका मशहूर डायलॉग, 'कोई भी गार्डन में नहीं घूमेगा,' दोहराने की मांग करते हैं।

फैंस की बार-बार की इस मांग से रोहित थोड़े असहज नजर आते हैं और वहां से चले जाते हैं। शो की यह झलक संकेत देती है कि दर्शकों को मैदान से बाहर रोहित का एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा।

**कई बड़े ब्रांड्स के विज्ञापनों में दिख चुके हैं-** भले ही रोहित टीवी शो में पहली बार काम करेंगे, लेकिन कैमरे के सामने वो कई सालों से आ रहे हैं। वे एडिडास, जियो, उएअळ, थम्स अप, ओरल-बी, बॉर्नविटा, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस और भारतपे जैसे बड़े ब्रांड्स के कॉमर्शियल्स में दिख चुके हैं।

इसके अलावा, वो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में 2 बार नजर आ चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपने मजाकिया अंदाज से दर्शकों का मनोरंजन किया और क्रिकेट से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। रोहित शर्मा का क्रिकेट करियर गौरतलब है कि रोहित शर्मा भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल बल्लेबाजों और कप्तानों में शामिल हैं।



रोहित ने 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्होंने वनडे में तीन दोहरे शतक लगाए, जिसमें 264 रन की पारी विश्व रिकॉर्ड है। 2019 वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने पांच शतक लगाए। वनडे क्रिकेट में रोहित अब तक 11,895 रन बना चुके हैं।

कप्तान के तौर पर उन्होंने भारत को 2024 ळ20 वर्ल्ड कप जिताया। इसके बाद 29 जून 2024 को ळ20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया था। टी20 में उन्होंने 4,231 रन बनाए। 7 मई 2025 को टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। 67 टेस्ट में उन्होंने 4,301 रन बनाए। रोहित अभी वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं। 19 जुलाई 2026 को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 110 गेंदों पर 138 रन बनाकर इतिहास रचा और लॉर्ड्स में वनडे शतक लगाने वाले पहले भारतीय पुरुष बल्लेबाज बने।

## अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 42 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अफगानिस्तान ने बुधवार को बेलफास्ट में आयरलैंड पर 42 रन की जीत दर्ज की। टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। सीरीज का आखिरी मैच 15 अगस्त को बेलफास्ट में ही खेला जाएगा।

अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 343 रन बनाए। सेदिकुल्लाह अटल ने 143 और इब्राहिम जादरान ने 107 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड 48 ओवर में 301 रन पर ऑलआउट हो गई। एंडी बालबर्नी ने 109 और कर्टिस कैम्फर ने 84 रन बनाए।

अफगानिस्तान से यमीन अहमदजई ने 4 विकेट और राशिद खान ने 3 विकेट लिए। आयरलैंड के मैकडोनफ ने 3 और गेविन होई ने 2 विकेट चटकाए। अटल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अफगानिस्तान को शुरूआत में ही झटका लगा। पिछले मैच के टॉप स्कोरर रहमानुल्लाह गुरबाज दूसरे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद अटल और जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रन की साझेदारी करके पारी संभाली।

## भारत से पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका स्क्वॉड का ऐलान

### शनिवार से गॉल में पहला मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

श्रीलंका ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। यह मुकाबला शनिवार से गॉल में शुरू होगा। धनंजय डी सिल्वा टीम के कप्तान होंगे, जबकि कमिंडू मेंडिस को उपकप्तान बनाया गया है।

**पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका की टीम-** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस (उपकप्तान), लाहिरु उदाना, निशान मदुशका, दिनेश चांदीमल, पसिंदु सूरियाबंडारा, सोनल दिनुषा, निरोशन डिकवेला, रमेश मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, केशरा नुवंथा, मिलान रत्नायके, असिता फर्नांडो, लाहिरु कुमारा, विश्वा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका।

विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की वापसी हुई है। डिकवेला ने श्रीलंका के लिए अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला साल 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। इस मुकाबले के बाद से वे टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे। वहीं, पेस अटैक को मजबूत करने के इरादे से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका




की टीम में वापसी कराई गई है। मदुशंका ने अपना इकलौता टेस्ट मुकाबला साल 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। युवा बल्लेबाज पासिंदु सूरियाबंडारा को पहली बार स्क्वॉड में शामिल किया गया है। सूरियाबंडारा को घरेलू क्रिकेट (डोमेस्टिक सर्किट) में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है।

**भारत को 18 साल से नहीं हरा सका श्रीलंका-** भारत और श्रीलंका के बीच अब तक 17 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं। इनमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 10 सीरीज जीती हैं, जबकि श्रीलंका को 3 में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 4 सीरीज ड्रॉ रही हैं। श्रीलंका पिछले छह सीरीज से भारत को नहीं हरा सका है। उसने भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज जीत 2008 में दर्ज की थी, यानी उसे करीब 18 साल से भारत के खिलाफ सीरीज जीत का इंतजार है।

## खबर एक नजर...

### दबिश से पहले फरार हुआ मादक पदार्थ देने वाला

**उज्जैन।** बकानिया फंटा यात्री प्रतिक्षालय से 8 अगस्त की रात घट्टिया पुलिस ने ट्रॉली बेग में मादक पदार्थ छुपाकर लाये हरियाणा के यमुना नगर में रहने वाले मोहम्मद नाजिम 50 साल और ज्योति सिंह 46 साल निवासी भीमनगर भवानी मंडी राजस्थान को गिरफ्तार किया था। दोनों के पास से 33 किलो से अधिक डोडाचूरा बरामद हुआ था। पुलिस ने महिला को जेल भेज मोहम्मद नाजिम को 3 दिनों की रिमांड पर लिया था। पूछताछ में उसने झालावाड़ के ग्राम घुघवाखेड़ा में रहने वाले बालूसिंह सौंधिया से डोडाचूरा लाना कबूल किया था। थाना प्रभारी करण खोवाल ने मादक पदार्थ उपलब्ध करने वाले की तलाश में एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा, प्रवेश जाटव की टीम को रवाना किया था, लेकिन पुलिस दबिश से पहले ही मादक पदार्थ देने वाला फरार हो गया। पुलिस को खाली हाथ वापस लौटकर आना पड़ा। बुधवार को मोहम्मद नाजिम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई अलावा के अनुसार मामले में विवेचना जारी है। डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाले को भी आरोपी बनाया जायेगा।

### चालक के खिलाफ 42 दिन बाद दर्ज हुआ प्रकरण

**उज्जैन।** देवासरोड पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने 30 जून को सड़क दुर्घटना में मोहम्मद तबरेज पिता इकबाल अहमद मंसूरी 46 साल निवासी आदर्शनगर गंभीर घायल हो गया था। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 42 दिन बाद मामले में कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया। घटनाक्रम के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था, दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से कार का नम्बर ट्रेस किया गया। पुलिस अब कार जप्त कर चालक को गिरफ्तार करेगी।

### लापता बालक 16 घंटे बाद रात को वापस लौटा

**उज्जैन।** इंदिरानगर क्षेत्र में रहने वाला 15 साल का बालक मंगलवार सुबह घर से लापता हो गया था। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई और पुलिस को सूचना दी। चिमनगंज थाना पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो आगररोड पर दिखाई दिया। बालक के साथ एक व्यक्ति भी चलता दिखाई दिया, जिससे बालक के अपहरण की शंका बढ़ गई। पुलिस ने तलाश में आगररोड पर कई कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें बालक दिखाई नहीं दिया। पुलिस तलाश में लगी थी इसी बीच रात 10 बजे के लगभग बालक वापस लौट आया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, बालक को थाने लाया गया। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बालक से पूछताछ की तो उसने बातया कि वह बस में बैठकर महिदपुर चला गया था, जहां से नागदा पहुंचा और वापस उज्जैन आ गया। अचानक लापता होने का कारण पूछने पर माता-पिता से नाराज होना बताया। बालक का कहना था कि वह कक्षा 9 वीं में पढ़ता है। वह दुबला है, बॉडी बनाना चाहता था। जिसके लिये ताकत के प्रोडेक्ट लेना चाहता था। माता-पिता प्रोडेक्ट लेने से मना कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बालक को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### बेकाबू हुई कार ने ऑटो-अर्टिगा को मारी टक्कर

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र में इंदौररोड पर बुधवार दोपहर को कार बेकाबू हो गई। उसने पहले ऑटो क्रमांक एमपी 13 आर 3863 को टक्कर मारी। ऑटो में सवारी बैठी थी, गनीमत रही कि किसी को चोंट नहीं आई लेकिन ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच चालक कार की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लगा पाया और उसने आगे चल रही अर्टिगा क्रमांक एमपी 13 झेड एम 8880 को टक्कर मार दी। अर्टिगा भी क्षतिग्रस्त हो गई। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने आटो चालक और अर्टिगा चालक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। चालक कार लेकर भाग निकला था।

### दिव्यांग मृतक के परिजनों का नही मिला पता

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 से सोमवार को जीआरपी ने दोनों पैरों से दिव्यांग व्यक्ति की लाश बरामद की थी। उसके पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला था। जिससे उसकी पहचान हो सके। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख परिजनों की जानकारी जुटाना शुरू किया था। मृतक का फोटो सोशल मीडिया पर जारी भी किया, लेकिन बुधवार सुबह तक दिव्यांग मृतक के परिजनों का कुछ पता नहीं चल पाया। थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका अंतिम संस्कार पुलिस की ओर से कराया गया है।

### जगदीश अग्रवाल सिंहस्थ प्राधिकरण अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** राज्य शासन ने बुधवार देर शाम एक आदेश जारी करते हुए उज्जैन के पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल को सिंहस्थ 2028 के लिए सिंहस्थ मेला प्राधिकरण उज्जैन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति मध्य भारत सिंहस्थ मेला अधिनियम 1955 के प्रावधान अंतर्गत की गई है। उज्जैन में प्रत्येक 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व के लिए सिंहस्थ मेला प्राधिकरण का गठन किया गया है। श्री अग्रवाल इसी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 346-3 | 567-8 |
| मेन बाजार | 290-1 | 288-8 |
| मिलन डे | 258-5 | 359-7 |
| मिलन नाइट | 157-3 | 490-3 |

4 8 0

## साइबर अपराधियों का नया तरीका, मोबाइल हैक

# स्क्रैप व्यवसाई के खाते से 41 हजार का ट्रांजेक्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पिछले कुछ दिनों से लोगों के मोबाइल हैक होने के बाद खाते से हजारों का ट्रांजेक्शन होने के मामले सामने आ रहे है। अब स्क्रैप व्यवसाई के खाते से 41 हजार का ट्रांजेक्शन हुआ है। ऐसा लगा रहा है कि साइबर अपराधियों ने फ्रॉड का नया तरीका निकाल लिया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के विष्णुपुरा में रहने वाला नरेन्द्र पिता चंदूलाल अखंड़ स्क्रैप व्यवसाई है। कुछ दिन पहले उसका मोबाइल अचानक हैक हो गया था। स्क्रीन पर कुछ दिखाई नहीं देने पर उसे लगा कि बेटरी डॉन हो गई है। मोबाइल को चार्जिंग पर लगा दिया। सौ प्रतिशत चार्ज होने पर मोबाइल ऑन किया तो मैसेज मिला कि खाते से 41 हजार ट्रांजेक्शन हुआ है। ऑनलाइन फ्रॉड होने का पता चलते ही साइबर हेल्पलाइन पर



शिकायत की गई। जहां से मामला नीलगंगा थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पिछले डेढ़ माह में 18 से 20 मामले सामने आ चुके है, जिसमें सभी के द्वारा मोबाइल हैक होने के बाद खाते से हजारों की राशि का ट्रांजेक्शन होने की शिकायत दर्ज कराई है। जिससे लग रहा है कि साइबर फ्रॉड करने वालों ने नया तरीका निकाल लिया है। पूर्व में साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के साथ बैंक अधिकारी बनकर उनके खातों की जानकारी प्राप्त कर धोखाधड़ी की जाती थी। उसके बाद डिजीटल अरेस्ट का तरीका निकाल लिया गया था। कभी इनाम का झांसा देकर तो कभी सामान बेचने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बढ़ते साइबर अपराध को लेकर जागरूकता अभियान चला तो बदमाशों ने नया तरीका अपना लिया, उनके द्वारा एपीके फाइल्स भेजी जाने लगी, जिस पर क्लिक करने पर खातों से राशि निकालने के मामले सामने आने लगे। पुलिस ने फिर से जागरूकता अभियान चला तो अब नया तरीका मोबाइल हैक करने का सामने आने लगा है। पुलिस द्वारा अनाधिकृत तरीके से खातों से निकाली जा रही राशि की जानकारी समय से मिलने ट्रांजेक्शन को होल्ड कराकर बैंकों की मदद से वापस लौटाने का काम भी कर रही है। लेकिन देरी होने पर राशि मिल पाना नामुकिन हो रहा है। साइबर फ्रॉड करने वाले काफी शातिर है, जिनका रिकार्ड भी पुलिस को नहीं मिल पा रहा है। जांच के दौरान ऐसे लोग गिरफ्त में आते है, जो चंद रूपयों के लिये अपना खाता किराये पर दे रहे है।

### कारोबारी के साथ 5.60 लाख की धोखाधड़ी

ऑनलाइन धोखाधड़ी एक मामला पटनी बाजार में बर्तन कारोबारी महेश पिता मन्नालाल कसेरा के साथ सामने आया। उन्होने ई-कामर्स कंपनी के साथ ऑनलाइन कारोबार की शुरूआत की थी। कुछ समय तक सब ठीक चला, लेकिन बाद में कंपनी ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन बंद कर दिया। करीब 5.60 लाख से अधिक की राशि नहीं मिलने पर धोखाधड़ी का आभास होते ही साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई। खाराकुआ पुलिस ने ऑनलाइन शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस जांच पूरी कर पाती उससे पहले सामने आया कि कारोबारी को उनकी राशि लौटा दी गई है। राशि मिलने पर कारोबारी द्वारा पुलिस से शिकायत वापस लेने की बात कहीं जा रही है।

## देवास के फोटोग्राफर की तलाश, मारपीट कर बनाया वीडियो

# उज्जैन घूमाने लाया और होटल में किया दुष्कर्म

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भोपाल की ब्यूटीशियन से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर देवास का फोटोग्राफर उसे घूमाने उज्जैन लेकर आया। होटल में जबरदस्ती दुष्कर्म किया और मारपीट कर वीडियो बना लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मंगलवार रात भोपाल की रहने वाली युवती ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसे देवास का रहने वाला सुनील मालवीय सिहोर मिलने आया था, 2 दिन पहले उज्जैन घूमाने के लिये लेकर आया। दिनभर धार्मिक स्थलों पर घूम और फिर दाऊदखेडी क्षेत्र की होटल लेकर गया। वह नहाने बाथरूम में गई थी, तभी सुनील ने दरवाजा तोड़ दिया और उसका वीडियो बना लिया। विरोध किया तो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मारपीट की और जबरदस्ती गलत काम किया। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो मुंह दबा दिया और धमकियां देने लगा। सुनील ने अपनी इंदौर की महिला मित्र को बुला लिया था। उसने भी धमकाया और मंगलवार सुबह होटल से रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचे। जहां से सुनील भाग निकला। उसकी महिला मित्र भी धमकी देकर चली गई। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश में एक टीम देवास भेजी जा रही है। बुधवार को युवती का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ कोर्ट में बयान दर्ज कराये गये है। उसके शरीर पर चोंट के निशान पाये गये है। युवती ने पुलिस को बताया कि 2 माह पहले इंस्टाग्राम पर सुनील से दोस्ती हुई थी। कुछ दिनों तक बातचीत होती रही। मामला दोस्ती तक था, वह सिहोर मिलने आया और उज्जैन घूमने की बात कहकर साथ ले आया था।

### जीआरपी से महाकाल और फिर नीलगंगा

युवती को आरोपी सुनील की महिला मित्र रेलवे स्टेशन तक लेकर पहुंची थी। जहां से वह भाग निकली। युवती शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंची, जहां से उसे महाकाल थाने भेजा गया। मामला दाऊदखेड़ी की होटल का होने पर महाकाल थाना पुलिस ने घटनास्थल नीलगंगा थाने का होने पर युवती को वहां शिकायत दर्ज कराने के लिये कहा। रात में युवती नीलगंगा थाने पहुंची थी। पुलिस आरोपी सुनील की महिला मित्र को भी आरोपी बना सकती है।

### पुत्री घर लौटी तो फंदे पर लटके मिले पिता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाजार गई पुत्री दोपहर में घर लौटी तो पिता फंदे पर लटके मिले। आसपास के लोगों को बुलाया गया, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव नीचे उतारा गया और अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराया गया। चिमनगंज थाना एएसआई सूर्यप्रताप ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली थी कि राजीवनगर में भगवान उर्फ कमल पिता मोहनसिंह ठाकुर 48 साल ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से फांसी लगाई है। घटनास्थल पहुंचने पर सामने आया कि भगवानसिंह मिस्त्री का काम करता था। उसकी पत्नी 8 साल पहले छोड़कर चली गई थी। भगवान अपनी 2 पुत्रियों और एक पुत्र के साथ रहता था। वह मूलरूप से बापूनगर का निवासी था लेकिन राजीवनगर में किराये से मकान लेकर रहता था। घटनास्थल से शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया, जहां परिजनों ने बताया कि आर्थिक रूप से परेशान चल रहा था, उसकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी थी लेकिन बीमार होने पर ससुराल वालों ने मायके भेज दिया था, उसे वापस सुसराल लेकर भी नहीं जा रहे थे। पुत्री को ससुराल वालों द्वारा नहीं ले जाने का तनाव भी था। एएसआई के अनुसार मृतक का मोबाइल जांच में लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया है। बच्चों और रिश्तेदारों के बयान दर्ज किये जायेगें।

## महाकाल लोक में विवाद जयपुर के परिवार पर केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल लोक में बुधवार रात श्रद्धालु परिवार और सुरक्षा कर्मियों के बीच कहासुनी की स्थिति बन गई जो मारपीट में बदल गई। मामला महाकाल थाने पहुंचा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बताया जा रहा है कि जयपुर का परिवार धार्मिक यात्रा पर आया हुआ था। रात 8:30 बजे का महाकाल लोक में परिवार घूम रहा था उसी दौरान सप्त ऋषि प्रतिमा के समीप श्रद्धालु परिवार का सुरक्षा कर्मियों से विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि परिवार और सुरक्षा कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। श्रद्धालु परिवार के लोगो ने सुरक्षा कर्मियों से मारपीट की वही परिवार की की महिला के साथ भी मारपीट हो गई। जयपुर का परिवार मामले की शिकायत लेकर महाकाल थाने पहुंचा। परिवार ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत पुलिस से की। इसी बीच सुरक्षा कर्मी और अन्य अधिकारी महाकाल थाने पहुंच गए। देर रात तक मामला दोनों ओर से आरोप प्रत्यारोप का चला रहा। सुरक्षा कर्मियों का कहना था कि श्रद्धालु परिवार द्वारा अभद्रता की गई जिसके चलते विवाद बढ़ गया था। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि महाकाल लोक में श्रावण महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। जहां जयपुर से आये परिवार के लोगों पहुंच गए थे और रास्ते में खड़े थे सुरक्षा कर्मियों ने हटाने के लिए कहा तो परिवार द्वारा सुरक्षा कर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई की गई। मंदिर समिति की ओर से शिकायत मिलने पर श्रद्धालु परिवार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## सर्पदंश से महिला की मौत दूसरी की हालत गंभीर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे है। बुधवार को 2 महिलाओं के साथ घटना हुई। एक की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। दूसरी की हालत गंभीर है, निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों मामले ग्रामीण क्षेत्र के सामने आये है।

भैरवगढ़ थाना प्रधान आरक्षक राकेश रावत ने बताया कि दोपहर में सांप काटने से बसंताबाई पति पूरालाल राठौर 48 साल निवासी बारेखेड़ा बलड़ा की मौत होने की सूचना चरक अस्पताल से मिली थी। मर्ग कायम किया गया और अस्पताल पहुंचाकर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर काम कर रही थी उसी दौरान



सांप ने काटा था। दूसरा मामला ग्राम खारवाकलां की रहने वाली प्रेमबाई पति बलवंतसिंह का सामने आया। परिजन उसे उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, प्रेमबाई की हालत गंभीर बनी हुई थी। निजी अस्पताल स्टॉफ द्वारा नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची लेकिन महिला आईसीयू में थी, परिजनों ने बताया कि घटना तड़के 4 बजे के लगभग की है। प्रेमबाई सोई थी, उसी दौरान सांप ने उन्हे पहले पैर में, उसके बाद पेट पर और फिर हाथ में डंसा। डॉक्टरों हालत नाजुक होना बताई है। बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। सबसे अधिक मामले ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे है। खेतों और जंगलों में जलभराव होने पर सांप बिलों से निकलकर रहवासी इलाकों में पहुंच रहे है।

## परंपरा और धार्मिकता की स्थिति में आधुनिकता के समावेश का सुझाव

# महाकाल की सवारी में 'रोबोटिक हाथी' की पेशकश

## पशु-अधिकार संगठन पेटा इंडिया ने मंदिर समिति को दान में देने का प्रस्ताव रखा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बाबा श्री महाकाल की सवारी में असली हाथी की जगह रोबोटिक हाथी के उपयोग का प्रस्ताव है। अभी यह मामला वन विभाग के माध्यम से मंदिर प्रबंध समिति के सामने आया है। हालांकि प्रस्ताव के आने के पूर्व श्रावण-भादौ मास की सवारियों का क्रम शुरू हो चुका था इसके चलते अभी इस पर मंदिर समिति गहनता से विचार नहीं कर सकी है।

पशु-अधिकार संगठन पेटा इंडिया ने ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर को एक वास्तविक आकार का यांत्रिक हाथी भेंट करने की पेशकश की है, जो धार्मिक जुलूसों में असली हाथी की जगह ले सके। संगठन का कहना है कि इससे न केवल किसी पशु को कष्ट नहीं होगा, बल्कि यह सालभर श्रद्धालुओं को भी आकर्षित कर सकता है।

केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कई मंदिरों में इस तरह



के हाथी अब स्वीकार किए जा चुके हैं। देशभर के 40 से अधिक मंदिरों में रोबोटिक हाथी पहले ही स्वीकार किए जा चुके हैं। पेटा अब तक ऐसे 29 हाथी दान कर चुका है। हाल के उदाहरणों में महाराष्ट्र के पंढरपुर स्थित इस्कॉन मंदिर, नवी मुंबई और कानपुर शामिल हैं। यहाँ तक कि तेलंगाना सरकार ने भी अपने आधिकारिक समारोहों के लिए एक रोबोटिक हाथी अपनाया है।

**'असली जैसा हिलाएगा कान-पूंछ, छोड़ेगा धुआं'-** संगठन की और से पिछले बुधवार को उज्जैन वन विभाग के अफसर को रोबोटिक हाथी का प्रस्ताव देते हुए संगठन प्रतिनिधि ने प्रेजेंटेशन दिखाया। संगठन का दावा है कि ये मशीन हूबहू असली हाथी जैसी होगी। सवारी के दौरान ये कान फड़फड़ाएगी, सूंड हिलाएगी, पूंछ पटकेगी और पानी की बौझार भी कर सकेगी। वन मंडलाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया, पेटा ने कहा कि दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अब रोबोटिक हाथी का इस्तेमाल हो रहा है। इससे भीड़ में होने वाले हादसों से बचा जा सकता है। उन्होंने प्रस्ताव के साथ मंदिर समिति से बात करने की इच्छा भी जताई। लेकिन सवारी का क्रम शुरू हो चुका है, इसलिए इस पर तुरंत कोई फैसला नहीं हो पाया।

**मंदिर समिति हाथी को देती है मेहनताना-** मंदिर समिति हर सवारी के बाद हाथी को मेहनताना देती है - 5 किलो घी, 1 डिब्बा तेल, 5 किलो गुड़, 10 साबुन और 5100 रुपये नकद।

**हाथी दान का भी मिला था प्रस्ताव-** मंदिर समिति से जूडे सूत्रों के अनुसार करीब दो दशक पूर्व भोपाल के एक श्रद्धालु ने मंदिर को हाथी दान की मंशा जताई थी। उस दौरान हाथी की खरीदी से लेकर यहां लाने तक का खर्च श्रद्धालु ने उठाने के लिए कहा था। बाद में इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका और यह मामला आया गया हो गया।

### प्रति वर्ष सवारी में जरूरत

श्रावण-भादो की सवारियों के लिए हर साल हाथी की जरूरत होती है। दुसरी सवारी से हाथी शामिल होता है। उस पर भगवान के मनमहेश स्वरूप को विराजित किया जाता है। महावत के साथ भगवान के स्वरूप और एक पंडित प्रतिनिधि भी इस पर सवारी के दौरान चलते हैं।

### पेटा एक नजर में

पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) एक प्रमुख पशु अधिकार संगठन है जिसकी स्थापना 1980 में एलेक्स पाचेको और इंग्रिड न्यूकिर्क ने की थी। शुरूआत में अनुसंधान प्रयोगशालाओं में होने वाली क्रूरता को उजागर करने के लिए पहचाना जाने वाला पेटा एक वैश्विक संस्था के रूप में विकसित हुआ है जिसके नौ मिलियन से अधिक सदस्य और काफी वार्षिक व्यय हैं। यह संगठन पशुओं के शोषण के विभिन्न रूपों के खिलाफ अभियान चलाता है, जिनमें विविसेक्शन, फैक्ट्री फार्मिंग, शिकार और मनोरंजन तथा उत्पाद परीक्षण में पशुओं का उपयोग शामिल है। पेटा का मानना है कि पशुओं का उपयोग मानव लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए और यह तकनीकी प्रगति द्वारा संभव बनाए गए विकल्पों को बढ़ावा देता है।

## तीन बत्ती चौराहे को लेफ्ट टर्न फ्री बनाने की तैयारी

# तीन बत्ती चौराहा होगा लेफ्ट टर्न फ्री

## आईआरसी नॉर्म्स के अनुरूप तैयार होगी ड्राइंग-डिजाइन, तीन माह में काम पूरा करने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर की बढ़ती यातायात समस्या को देखते हुए नगर निगम ने तीन बत्ती चौराहे के विकास एवं चौड़ीकरण की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने चौराहे का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इंडियन रोड कांग्रेस के निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार चौराहे की चारों दिशाओं में आवश्यक चौड़ीकरण किया जाए और इसे लेफ्ट टर्न फ्री चौराहे के रूप में विकसित किया जाए। इसके बाद वाहनों को बाएं मुड़ने के लिए अनावश्यक रूप से रुकना नहीं पड़ेगा, जिससे यातायात का दबाव और रुकावट कम होने की उम्मीद है।

**पहले ड्राइंग-डिजाइन, फिर शुरू होगा काम-** महापौर ने प्रस्तावित कार्य की ड्राइंग एवं डिजाइन शीघ्र तैयार कराने के निर्देश दिए। डिजाइन को अंतिम रूप दिए जाने के बाद कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। अधिकारियों को अधिकतम तीन माह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भविष्य के यातायात को भी ध्यान में रखने के निर्देश

महापौर टटवाल ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात को देखते हुए प्रमुख चौराहों का सुव्यवस्थित विकास जरूरी है। तीन बत्ती चौराहे को लेफ्ट टर्न फ्री करने से वाहन चालकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चौड़ीकरण और सुधार की योजना बनाते समय वर्तमान यातायात दबाव के साथ भविष्य में बढ़ने वाले वाहनों की संख्या को भी ध्यान में रखा जाए, ताकि चौराहे का विकास दीर्घकालिक यातायात जरूरतों के अनुरूप हो। साथ ही निर्माण के दौरान नागरिकों को आवागमन में कम से कम असुविधा हो, इसका भी ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## खाकीवर्दी के पावरमेन ने फिर जीता रजत पदक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में आरक्षक ने एक बार फिर रजत पदक जीता। उज्जैन पुलिस को गौरांवित करने वाले आरक्षक को एसपी ने सम्मानित किया और बधाई दी।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में 6 से 9 अगस्त तक राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के मास्टर-1 वर्ग में अपना दम दिखाने के लिये उज्जैन पुलिस की ओर से आरक्षक सौदानसिंह चौहान पहुंचे थे। जहां आरक्षक ने एक बार फिर से बेंच प्रेस स्पार्धा में रजक पदक जीतकर उज्जैन के साथ मध्यप्रदेश पुलिस का नाम गौरांवित किया। प्रतियोगिता से लौटने पर एसपी प्रदीप शर्मा ने आरक्षक को रजत पदक पहनाकर सम्मानित किया और बधाई दी। ड्युटी के साथ आरक्षक सौदानसिंह पावरलिफ्टिंग में लगातार शानदार प्रदर्शन करता आ रहा है। इससे पहले मध्यप्रदेश स्तर पर 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक, राष्ट्रीय स्तर पर 2 स्वर्ण 2 रजत पदक के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में चार स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका है। एसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग में आरक्षक द्वारा अपनी ड्युटी को



निभाते हुये खेल के क्षेत्र में भी उज्जैन पुलिस का नाम रोशन किया जा रहा है। आगामी प्रतियोगिताओं में भी पुलिस विभाग की ओर से उसे भेजा जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com